हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 31.05.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 306 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## बिहार को मोदी की बड़ी सौगात, 48,520 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# आतंकवाद हो या नक्सलवाद, अब माफी नहीं सीधा जवाब मिलेगा : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**रोहतास :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सौगातें दी जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल है। पीएम मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है। बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है और लोगों को लाभ मिल रहा है। नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाया गया है। दूर दराज के क्षेत्रों में विकास का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर काबू पाया गया है और लोगों को लूट से बचाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 48 हजार 520 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। राज्य में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद जिले में 29 हजार 930 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण- द्वितीय (तीन गुणा 800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इसका उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।



### राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर का होगा निर्माण

पीएम मोदी ने क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा- सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग (एनएच-319बी) और रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (एनएच-119डी) को छह लेन का बनाने तथा बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं से राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा और साथ ही व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने करीब 5,520 करोड़ रुपए लागत वाले एनएच-22 के पटना-गया-डोभी खंड के चार लेन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया और एनएच-27 पर गोपालगंज टाउन में एलिवेटेड हाईवे के चार लेन के निर्माण और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन किया।

### नीतीश सहित कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

प्रधानमंत्री ने अन्य परियोजनाओं के अलावा 1330 करोड़ रुपए की लागत वाली सोन नगर-मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की। जहानाबाद के नवोदय विद्यालय में छात्रावास और कर्मचारी आवास का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी तथा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह, ललन सिंह तथा अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री आज जाएंगे भोपाल, देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह में लेंगे हिस्सा

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना और दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे।

## पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिले पीएम मोदी



**कानपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने कानपुर दौरे में पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए कारोबारी शुभम द्विवेदी के परिजन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अभी जारी रहेगी। मुलाकात को लेकर शुभम के चचेरे भाई सौरभ द्विवेदी ने कहा कि ह्यप्रधानमंत्री ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान हम बहुत भावुक थे और प्रधानमंत्री से मिलते ही परिवार के सभी सदस्य रोने लगे। सौरभ ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भी भावुक हो गए और उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनकी पूरी मदद करेगी।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने परिवार संग बाबा केदारनाथ के किए दर्शन



**देहरादून :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार सुबह परिवार संग बाबा केदारनाथ का दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की और बाबा केदार से आशीर्वाद लिया। शुक्रवार सुबह झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन का हेलीकॉप्टर सुबह ठीक 08 बजकर 05 मिनट पर केदारनाथ हेलीपैड पर उतरा। मुख्यमंत्री अपने पूरे परिवार के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर में पहुंचकर उन्होंने परिवार संग विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की। केदारनाथ पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर और आस-पास की घाटी में फैले हिमालयी सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। हिमाच्छादित पर्वतों से घिरे इस तीर्थस्थल की दिव्यता और भव्यता ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार को अभिभूत कर दिया।

## ईडी के डिप्टी डायरेक्टर को रिश्वत लेते सीबीआई ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुवनेश्वर :** देश की सबसे कड़ी आर्थिक जांच एजेंसी मानी जाने वाली ईडी खुद इस बार सवालों के घेरे में आ गई है। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर चिन्तन रघुवंशी को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रघुवंशी पर एक कारोबारी से मनी लॉन्ड्रिंग केस को सेटल करने के बदले 5 करोड़ रुपये की मांग करने का आरोप है। बातचीत के बाद यह राशि घटाकर 2 करोड़ रुपये तय की गई थी। सीबीआई ने उन्हें पहली किस्त के तौर पर 50 लाख में से 20 लाख रुपये लेते समय भुवनेश्वर में ट्रैप कर लिया। उस वक्त रघुवंशी ईडी की टीम के साथ एक सर्च ऑपरेशन में शामिल थे। चिन्तन रघुवंशी भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं। उनके खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर सीबीआई ने पहले पूरी योजना बनाई और फिर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। फिलहाल उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। यह मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि ईडी देशभर में आर्थिक अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने वाली सबसे अहम एजेंसियों में से एक है। ऐसे में उसके एक वरिष्ठ अधिकारी पर रिश्वत लेने के आरोप न सिर्फ संस्था की साख को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि भ्रष्टाचार की जड़ें अब जांच एजेंसियों तक फैलती जा रही है।

## एक नजर

### आज जारी होगा जैक इंटरमीडिएट का रिजल्ट

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल यानी जैक कल इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। शनिवार को जैक परिसर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दिन के 12:30 बजे रिजल्ट का प्रकाशन करेंगे। जैक की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार कल यानी 31 मई को इंटर की विज्ञान और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। दिन के 12:30 के बाद आप जैक के इस वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों जैक ने मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम जारी किया था, जिसमें गढ़वा के भवनाथपुर की रहने वाली गीतांजलि ने स्टेट में टॉप किया था। गीतांजलि हजारीबाग की इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा थीं। आप दोपहर के 12:30 से चेक कर सकते हैं अपना रिजल्ट। बताते चलें कि इस साल जैक की इंटर परीक्षा में 3.50 लाख छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे।

### जौनपुर में प्राइवेट बस पलटी, पांच की मौत

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक डतत्काल मौके पर पहुंच गए।

## अंकिता हत्याकांड में मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों को उम्र कैद की सजा




एजेंसी

**कोटद्वार :** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का एलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने आज सजा का एलान किया। भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्या के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है।

उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था। अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्सनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गयी थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चीला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंप दिया था।

## झारखंड नगर निकाय व पंचायत चुनाव कराएं अनुदान का बकाया पैसा पाए : डॉ पनगढ़िया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 16 वां वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने कहा है कि झारखंड लोकल बॉडी (नगर निकाय व पंचायत) का चुनाव कराए, बकाया पैसा पाए। उन्होंने यह भी स्पष्टीकरण दिया कि अगर दिसंबर तक राज्य सरकार निकायों का चुनाव करा लेती है तो पिछले वित्तीय वर्ष की बकाया राशि भी मिल जाएगी। अन्यथा लैप्स हो जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विशेष राज्य या विशेष पैकेज, वित्त आयोग का विषय नहीं है। अनुदान की राशि केंद्रीय बजट से राज्यों को सशर्त प्राप्त होती है, इसलिए इस राशि के भुगतान में विलंब पर आयोग का कोई सीधा नियंत्रण नहीं है। जीएसटी के लागू होने से हो रहे नुकसान पर कहा कि यह झारखंड का नया डिमांड है। झारखंड ने जीएसटी से होनेवाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए फामूर्ले में बदलाव की मांग की है। हालांकि तीन दिनों से झारखंड में विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और सरकार के साथ बैठक करने के बाद भी उन्होंने यह बताने से इंकार कर दिया कि झारखंड का कौन सा क्षेत्र उन्हें कमजोर दिखा। झारखंड को किस क्षेत्र में अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है। वह सब कुछ वित्त आयोग के फामूर्ले के आधार पर ही तय होने की रट लगाते रहे। डॉ पनगढ़िया वित्त आयोग के अन्य सदस्यों व अधिकारियों के साथ प्रेसवार्ता कर रहे थे।



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आयोग के समक्ष राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए 23 विभागों के लिए अगले पांच वर्षों तक 3.03 लाख करोड़ रुपए की मांग की है। ताकिक झारखंड का आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य बदल सके। उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 के बाद से जीएसटी कंपनसेशन बंद है। जीएसटी आधारित कर व्यवस्था होने से झारखंड को भारी नुकसान हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक इस मद में झारखंड को लगभग 61677 करोड़ के नुकसान की संभावना है। उन्होंने रेखांकित किया कि 15 वें वित्त आयोग के समक्ष झारखंड ने 1.5 लाख करोड़ का प्रस्ताव दिया था। लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में केवल 12398 करोड़ ही उपलब्ध कराए गए।

## पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र का पैकेज जल्द : अमित शाह

एजेंसी

**पुंछ :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से पुंछ में की गई गोलाबारी से पीड़ितों के क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक पैकेज की घोषणा करेगी। शुक्रवार को पुंछ पहुंचने के तुरंत बाद शाह ने गुरुद्वारा सिंह सभा का दौरा किया, जो पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों में ऐसे अन्य स्थानों का भी दौरा किया और लोगों से बातचीत की। अपने दौरे के दौरान शाह ने उन निवासियों और परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने गोलाबारी में अपने प्रियजनों को खो दिया और उनकी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और दिल्ली के मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा के साथ शाह ने शहर में गोलाबारी प्रभावित स्थानों का दौरा किया। उनका स्वागत भारत माता की जय के नारे के साथ किया गया। शाह ने प्रभावित दुकानदारों से भी मुलाकात की। पुंछ में लोगों से शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों, खास तौर पर पुंछ में भारी गोलाबारी करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने सीमा पार आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर जवाब दिया है, लेकिन किसी भी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिकों के घरों, मंदिरों, गुरुद्वारों और मस्जिदों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने नागरिकों को मानव ढाल के तौर पर इस्तेमाल किया। इस उकसावे के बाद ही हमारे बलों ने मजबूती और सटीकता के साथ जवाब दिया। शाह ने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र जल्द ही एक पैकेज पेश करेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस महीने की शुरूआत में पाकिस्तानी आक्रमण का दृढ़ जवाब देने के लिए बीएसएफ की सराहना की और कहा कि जम्मू सीमा पर जवाबी कार्रवाई में 118 से अधिक दुश्मन चौकियां नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू और कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने दुश्मन के निगरानी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है, जिसे ठीक करने में उन्हें सालों लगेंगे। सुरक्षा स्थिति, अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने और पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से बातचीत करने के बाद उन्होंने जम्मू क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे का समापन किया। शांति के समय में भी बीएसएफ की तत्परता की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि उनकी खुफिया जानकारी ने सटीक पूर्व-निवारक कार्रवाई को सक्षम बनाया। इस उपलब्धि को अपार देशभक्ति और बलिदान का प्रतिबिंब बताते हुए शाह ने कहा कि ऐसी बहादुरी तभी सामने आती है जब राष्ट्र पर गर्व हो, दिल में देशभक्ति की भावना हो और सर्वोच्च बलिदान का जुनून हो। तभी ऐसे परिणाम संभव हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीएसएफ भारत की रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में काम करना जारी रखता है, जो रेगिस्तान, पहाड़ों, जंगलों और बीहड़ इलाकों में अटूट समर्पण के साथ काम करता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरकार और देश के नागरिकों की ओर से बीएसएफ जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पांच अपराधी गिरफ्तार, चार लाख नकद सहित अन्य सामान बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए छिपादोहर थाना क्षेत्र से अंतर जिला आपराधिक गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अपराधियों में शुभम कुमार मेहता, धीरज कुमार सिंह, रोहित कुमार पटेल और आजाद अंसारी सभी गढ़वा के रहने वाले हैं। जबकि हरिनंदन कुमार गारू का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लोगों से लूटे गए लगभग चार लाख रुपये नगद सहित अन्य सम्मान भी बरामद हुआ।

शुक्रवार को छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि अपराधी गिरोह के जरिये पिछले कुछ दिनों से डाल्टेनगंज- महुआडांड़ सड़क पर लूटपाट तथा अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था।

इसी बीच गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के बक्सा मोड़ के पास कुछ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

## एक नजर

### उमा शंकर अकेला ने नवपदस्थापित डीसी और एसपी से की शिष्टाचार भेंट




चौपारण : बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने हजारीबाग जिला के नवपदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस भेंट के दौरान उन्होंने दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और जिले के विकास व कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की। पूर्व विधायक ने विश्वास जताया कि नए डीसी और एसपी के नेतृत्व में हजारीबाग जिले में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यह मुलाकात सौहार्द और समन्वय का प्रतीक रही, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चौपारण में चार दिवसीय लड्डू गोपाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

चौपारण : राजगढ़, बिहार बाजार : क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बार फिर रोमांचक मुकाबलों का दौर शुरू होने जा रहा है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजगढ़, बिहार बाजार के मैदान में 4 दिवसीय लड्डू गोपाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत आज 31 मई से हो रही है। यह टूर्नामेंट 3 जून 2025 तक चलेगा। टूर्नामेंट का आयोजन लड्डू गोपाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया है, जिसमें विशेष रूप से आकर्षक लाइटिंग, साउंड सिस्टम और चकाचौंध भरा माहौल तैयार किया गया है ताकि दर्शकों और खिलाड़ियों को एक बेहतर अनुभव मिल सके। टूर्नामेंट को लेकर स्थानीय युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से इस आयोजन में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। स्थान: राजगढ़, बिहार बाजार तिथि: 31 मई 2025 से 3 जून 2025 तक संपर्क सूत्र: 8102220002 ,6202771249, 8949798095 आयोजक: समस्त क्रिकेट युवा प्रेमी एवं ग्रामवासी।

### प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बिरहोर बच्चियों को थानेदार ने किया सम्मानित



चौपारण : चौपारण की दो बिरहोर बेटियों का शुक्रवार का दिन बहुत ही खास रहा। मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किरण और चानवा का नाम प्रखंड के साथ पूरे जिले में गूंज रहा है। लोग दोनों बच्चियों की सराहना करते नहीं थक रहे हैं। पहली बार इस समुदाय की लड़कियों ने मैट्रिक पास की है। थानेदार अनुपम प्रकाश ने किरण और चानवा को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए जबरदस्त मनोबल बढ़ाया। बिरहोर जनजाति के रोल माडल बनी किरण और चानवा को शॉल भेंट किया, उपहार में वस्त्र, पठन-पाठन सामग्री, नगद पुरस्कार के साथ दोनों को बहन का दर्जा दिया। इस दौरान थाना प्रभारी भावुक भी दिखे। उन्होंने कहा कि कहा किरण और चानवा अब बिरहोर समुदाय के अन्य बच्चों और लड़कियों के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की उपलब्धियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन

# यह अस्पताल जनसेवा की नई परिभाषा बनेगा : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- यह अस्पताल क्षेत्र की आम जनता के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा का नया केंद्र बनेगा : विधायक
- यह अस्पताल व्यापार नहीं, हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है : हर्ष अजमेरा



हजारीबाग : हजारीबाग शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। यह हॉस्पिटल इमली कोठी, लिटिल एंगल्स स्कूल के समीप स्थित है तथा एचजेडबी आरोग्यम की यह द्वितीय शाखा है। इस शुभ अवसर पर हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने मुख्य अतिथि वहीं विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित उपस्थित होकर फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। अन्य अतिथि में उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,समाजसेवी बटेश्वर मेहता, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, धनकुमार जैन, स्वरूप चंद्र जैन, सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक रंजना शरण, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से फीता एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग जैसे उभरते हुए शहर में इस तरह के अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल की स्थापना निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है। यह हॉस्पिटल न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ेगा, बल्कि यहां की आम जनता को किफायती दरों पर गुणवत्ता पूर्ण इलाज भी उपलब्ध कराएगा। महिला और बाल स्वास्थ्य पर विशेष फोकस इस बात का प्रमाण है कि यह संस्थान संवेदनशीलता और जनसेवा के मूल्यों को अपनाता है। मैं हर्ष अजमेरा और उनकी पूरी टीम को इस जनोपयोगी पहल के लिए बधाई देता हूँ। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हजारीबाग में ऐसे आधुनिक अस्पताल की स्थापना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल आम जनता को सुलभ और सस्ती चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा। महिला एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना संस्था की संवेदनशीलता दर्शाता है। मैं इस जनकल्याणकारी पहल के लिए अस्पताल प्रबंधन को हृदय से बधाई देता हूँ। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कहा की एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल की शुरूआत एक सराहनीय सामाजिक पहल है। यह अस्पताल न केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, बल्कि जनसेवा की भावना से भी परिपूर्ण है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह सुविधा संजीवनी साबित होगी। मैं हर्ष अजमेरा व उनकी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। अस्पताल की सुविधाएँ जिसमें 30 बेड,7 ओपीडी रूम, 24×7 इमरजेंसी सेवा, स्वीट रूम, वीआईपी रूम, महिला एवं बाल स्वास्थ्य के लिए विशेष आधुनिक इकाई, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, एवं अन्य उन्नत परीक्षण सुविधाएँ। हॉस्पिटल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की यह अस्पताल सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है।

## जंगल में मिला एक व्यक्ति शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कटकमसांडी : कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ग्राम ह ैसाकुदर जंगल से शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव एक जंगल के रस्ते के बगल में पड़ा हुआ पाया गया। मृतक की पहचान हैसाकुदर गांव निवासी चितरंजन पांडे उर्फ पप्पू पांडे (42 वर्ष) के रूप में की गयी है। मृतक के भाइ मनोहर पांडे ने बताया कि चितरंजन पांडे उर्फ पप्पू पांडे सुबह ही अपने निजी कार्य के लिए निकले थे जब घर से निकला था, इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन करने लगा। खोजबीन करने के उपरांत आज समय 10 बजे को ग्रामीणों ने देखा कि जंगल में शव को देखा गया देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलिज भेजा दिया गया। जैसे ही इनकी जानकारी मिडिया प्रभारी रंजन चौधरी और स्थानीय मुखिया प्रेम प्रसाद को सूचना मिला उन्होंने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, पहुंचते ही उनके सहयोग से शव को पोस्टमार्टम कराया पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कटकमसांडी थाना प्रभारी राजबलब कुमार ने बताया कि सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, कटकमसांडी मुखिया श्रुति पांडे, मनोहर पांडे, लेखराज यादव, एवं कई लोग मौजूद थे।

## कटकमदाग प्रखंड में बालिका शिविर परियोजना को लेकर कन्वर्जेन्स बैठक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : जिले के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवबालक प्रसाद की अध्यक्षता में बालिका शिविर परियोजना को लेकर कन्वर्जेन्स बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक परियोजना के प्रभावी संचालन हेतु संबंधित विभागों एवं हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग की वे किशोरियाँ जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी है, उन्हें बालिका शिविर परियोजना के माध्यम से पुनः मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के तहत किशोरियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से औपचारिक शिक्षा से जोड़ा जाएगा। प्लान इंडिया की ओर से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने प्रोजेक्ट की रूपरेखा, उद्देश्यों और पिछले तीन वर्षों की उपलब्धियों पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना किशोरियों को शिक्षित करेगी। इस अवसर पर बीडीओ शिवबालक प्रसाद ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कटकमदाग प्रखंड में कोई भी किशोरी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि किशोरियों को एक प्रेरणादायक एवं सहयोगात्मक शैक्षिक वातावरण प्रदान किया जाए, जिसमें शिक्षक उन्हें स्नेहपूर्वक शिक्षित करें। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकतर किशोरियाँ आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ देती हैं, अतः परियोजना के अंतर्गत उन्हें स्ट्रॉबेरी की खेती जैसे नवाचारी कृषि कार्यों से जोड़ा जाए ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ आजीविका अर्जन में भी सक्षम बन सकें। इसके साथ ही, उन्होंने बाल विवाह रोकथाम के लिए अभिभावकों की काउंसलिंग किए जाने पर बल दिया।

## हजारीबाग में खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने दो बसों में 4000 किलो नकली पनीर किया बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : हजारीबाग में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी की अगुवाई में देर रात छापेमारी के दौरान पटना से रांची जा रही दो बसों में लगभग 4000 किलो नकली पनीर पकड़ा गया। यह पनीर पटना के बख्तियारपुर और मनेर से लोड किया गया था, और बस के ड्राइवर के अनुसार इसे रांची में अनलोड करना था। मुख्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त अनंत कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार, यह सुनिश्चित किया गया कि नकली पनीर, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, किसी भी हालत में लोगों तक न पहुंचे। इसके मद्देनजर, हजारीबाग के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सूचना दी और अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती के नेतृत्व में छापेमारी अभियान शुरू किया। दोनों बसों में नकली पनीर की जांच की गई, और सारे पनीर नकली पाए गए। हालांकि, इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई, लेकिन बस मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। यदि वे संतोषजनक जवाब नहीं देते, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। चंद्र प्रकाश गुग्गी ने यह भी बताया कि इस कार्रवाई के बाद हजारीबाग के होटलों में भी जांच की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां नकली पनीर का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती ने बताया कि उन्हें लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कि नकली पनीर बिहार से झारखंड लाया जा रहा था, जिसे हजारीबाग, रांची और रामगढ़ के बाजारों में खपाने की योजना थी। इसके आधार पर एक टीम बनाई गई और कार्रवाई की गई । आम लोगों में इस कार्रवाई के बाद एक संतोषजनक माहौल देखा गया, क्योंकि प्रशासन की तत्परता से एक हानिकारक खाद्य पदार्थ को पहले ही पकड़ लिया गया और नष्ट किया जा रहा है।

## राजद नेता के 85 वर्षीय पिता प्रेमधर राय का निधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : राजद नेता सह कोडरमा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के 85 वर्षीय पिता प्रेमधर राय का 30 मई को निधन हो गया। प्रेमधर राय काफी दिनों से बीमार थे,30 मई को सुबह 9:40 में अंतिम सांस ली। दानापुर स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। जबकि अंतिम संस्कार पैतृक गांव हेतनपुर स्थित गंगा किनारे मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र सुभाष प्रसाद यादव ने दी। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के पिता के निधन पर पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव,प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर ,कंचन यादव,पप्पू यादव, महेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, घनश्याम तुरी, कुलदीप यादव, फौजी यादव, जैकी यादव, यमुना यादव, रोहित यादव, दीपक यादव, पवन भगत समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में सरफराज नवाज, एनामुल हक, रामचरन यादव, विजय सिंह, बिनोद यादव, मो असलम, परवेज आलम, मनोज रजक, संजय दास, भुनेश्वर यादव, मनिंद्र राम, महेश यादव, मो मुबारक, रघुनाथ दास, संतोष यादव, मो मोजहिर, मो शमीम समेत राजद के पदाधिकारी व नेताओ ने शोक व्यक्त कर गहरा दुःख प्रकट किया और संवेदना व्यक्त की है।

## उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का किया गया विस्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





कोडरमा : उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा के केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति का विस्तार कर लिया गया है ' उक्त आशय की जानकारी देते हुए उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा के अध्यक्ष राम लखन सिंह एवं महा सचिव शिवलाल सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि महासंघ के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने के लिए केन्द्रीय कमिटी का विस्तार कर लिया गया है जिसके तहत संरक्षक के रूप में कामाख्या नारायण सिंह व प्रदीप सिंह डोमचांच, रामचन्द्र सिंह तिलैया, बिरेन्द्र सिंह, कोडरमा, नारायण सिंह व विजय सिंह पथलडीहा, विजय सिंह मरकच्चो को चुना गया है। वही परामर्श दात्री के सदस्य के रूप में भोला सिंह चंदनाडीह, रामसेवक सिंह खेशकारी, नीलकंठ सिंह बागोडीह, रामनाथ सिंह तिलैया, रघुनन्दन सिंह डंडाडीह को शामिल किया गया ' कोषाध्यक्ष के रूप में विजय कुमार सिंह मसमोहना को चुना गया है ' संगठन महा सचिव के रूप में राजेंद्र सिंह तिलैया, मीडिया प्रभारी के रूप में दिनेश सिंह तिलैया व रणजीत कुमार सिंह डोमचांच को चुना गया है ' उपाध्यक्ष के रूप में हरदेव सिंह, महेश सिंह व रणजीत सिंह कोडरमा, नागेश्वर सिंह अम्बाडीह, वीरेंदर सिंह भरकट्टा, राज नारायण सिंह जयनगर एवं सचिव के रूप में आलोक सिंह चलकुसा, दिनेश कुमार सिंह पथलडीहा, शिवशंकर सिंह व सागर प्रताप सिंह डोमचांच, प्रो राजेश सिंह कोडरमा व उमेश सिंह मरकच्चो, को चुना गया है ' इसके अलावा महा संघ के विभिन्न प्रक्षेत्रो के प्रभारी के रूप में भी प्रक्षेत्र प्रभारी का चयन किया गया है जिसके तहत कोडरमा के लिए बिरेन्द्र सिंह झुमरी तिलैया, पथलडीहा के लिए बिनय सिंह कोडरमा, झुमरी तिलैया के लिए रामप्रसाद सिंह घंघरी, जयनगर के लिए सुरेन्द्र प्रताप सिंह पथलडीहा, घंघरी के लिए विनोद सिंह डंडाडीह, गोहाल के लिए दिलीप सिंह पथलडीहा, डोमचांच के लिए राजकुमार सिंह कोडरमा व उदय सिंह मसमोहना, मरकच्चो के लिए मिथिलेश सिंह पथलडीहा, मसमोहना के लिए संजय सिंह धारावी डोमचांच, मरकच्चो के लिए मिथिलेश सिंह पथलडीहा, परसाबाद के लिए शिशुपाल सिंह गोहाल, बरीओन के लिए दीपक सिंह परसाबाद, भरकट्ठा के लिए अभिनन्दन सिंह बागोडीह, खेशकरी के लिए विजय सिंह भरकट्ठा, बृंदा के लिए महाराज सिंह मरकच्चो, पडरिया के लिए रविशंकर सिंह मरकच्चो, चलकुसा के लिए अवधेश सिंह बरीयोन, बागोडीह के लिए मुकेश सिंह खेशकरी को प्रक्षेत्र प्रभारी के रूप में चुना गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनहित, प्रशासनिक समन्वय पर केंद्रित रहा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार भेंट



हजारीबाग : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल ने जनसेवा, पारदर्शी प्रशासन और समग्र विकास के मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रशासनिक तंत्र से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर उनके कार्यकाल की सराहना की। मुन्ना सिंह ने कहा कि उनकी संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासनिक शैली ने हजारीबाग वासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिले के विकास, प्रशासन की पारदर्शिता और जनहित में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई गई। उन्हें कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया गया।नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से भी भेंट करते हुए मुन्ना सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग एक सुरक्षित और अपराधमुक्त जिला बनेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, विरेंद्र सिंह, शशि मोहन सिंह, मनोज नारायण भगत, निसार खान, रेणु देवी, सरयू यादव, शारदा रंजन दुबे, ओमप्रकाश झा, सुनिल कुमार ओझा, राजीव कुमार मेहता, कृष्णा किशोर प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, गोवर्धन गंझू, दीपक सिंह, देव चखाण, विक्की धान, नरेश प्रसाद मेहता, विरेंद्र कुमार, दिनेश यादव, मोहम्मद वशीम सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। मुन्ना सिंह ने कहा, जनता की सेवा और प्रशासन से समन्वय हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। हम सब मिलकर हजारीबाग को एक समृद्ध, सुरक्षित और विकसित जिला बनाएंगे। कांग्रेस परिवार सदैव जनकल्याण में अग्रणी रहेगा।

### दो बालिकाओं को मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास करने पर डीसी ने किया सम्मानित



हजारीबाग : झारखंड एकेडमिक काउंसिल के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई बिरहोर जनजाति की दो बालिकाओं किरण कुमारी और चानवा को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज 30 मई को अपने कार्यालय वेश्म में सम्मानित किया। उपायुक्त ने इन दोनों बच्चियों को शॉल एवं पुस्तक भरा बैग देकर आशीष दिया। उपायुक्त ने कहा कि किरण कुमारी एवं चानवा की सफलता पर काफी खुश है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि समाज के अंतिम पायदान के छात्र छात्राओं तक शिक्षा की ज्योत पहुंचे। उपायुक्त के हाथों सम्मानित होकर उत्साहित दोनों बच्चियों ने उपायुक्त को बताया कि वे आगे चल कर डॉक्टर और देश सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है। उपायुक्त इनकी बातें सुनकर काफी प्रभावित हुए एवं शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी से इनकी समस्याओं को पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक एवं वार्डन से भी विद्यालय में शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के साथ साथ विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने संबंधी बिंदुओं को संज्ञान में लाने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त ने दोनों बच्चियों को इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने केंद्रीय पुस्तकालय में किया अध्ययन-अध्यापन

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के गोस्वामी तुलसीदास केंद्रीय पुस्तकालय में जाकर अध्ययन-अध्यापन का कार्य संपन्न किया। ज्ञात हो की विश्वविद्यालय के कुलपति के पदभार संभालने के बाद से ही प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा विद्यार्थियों को केंद्रीय पुस्तकालय के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। कुलपति चाहते है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अधिक से अधिक समय केंद्रीय पुस्तकालय में बिताएं। राजनीति विज्ञान विभाग के रूटीन में पहले से ही समस्त्र दो तथा समस्त चार को किसी किसी दिन एक-एक घंटा केंद्रीय पुस्तकालय में जाकर अध्ययन करने का प्रावधान शामिल है इस संबंध में पहले केंद्रीय पुस्तकालय के निदेशक डॉ राजेंद्र मिस्त्री से अनुमति ले ली गई। तत्पश्चात विभागीय शिक्षक डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा डॉ अजय बहादुर सिंह ने समस्त्र दो के लगभग 70 विद्यार्थियों को लेकर पूर्वाहन 11.30 को केंद्रीय पुस्तकालय पहुंचे। विद्यार्थियों के सहयोग के लिए शोधार्थी महेंद्र पंडित तथा डीट टॉपर विकास कुमार यादव को दायित्व दिया गया। केंद्रीय पुस्तकालय पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों ने पहले प्रवेश पंजिका में अपना नाम और मोबाइल नंबर का प्रवेश किया। इसके बाद केंद्रीय पुस्तकालय के नंदलाल गोप, चमेली देवी तथा धर्मेंद्र गोस्वामी एवं अन्य कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया। राजनीति विज्ञान के पुस्तकों का विद्यार्थियों ने मुआयना किया। दैनिक अखबार और पत्रिकाओं से भी विद्यार्थी रूबरू हुए। विद्यार्थियों के पास कार्ड नहीं रहने के कारण अभी पुस्तक इशू नहीं हो पाया। बताया गया कि नामांकन स्लिप तथा फोटो लेकर आने से औपबंधिक परिचय पत्र उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी का कंप्यूटर संभाग का भी आनंद लिया।

### सेवानिवृत्ति के बाद एक स्वच्छंद तनावमुक्त जीवन जीने जा रहे : आयुक्त

हजारीबाग : प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालय के राजभाषा सहायक अनुदेशक संजय कुमार सिन्हा एवं सफाई कर्मी भरत राम को उनके सेवा-निवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, विनम्र और अनुशासित कर्मी बताया। आयुक्त पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्रमंडल में पदस्थापन के मात्र आठ महीनों के भीतर तीन कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी जा चुकी है। विदाई देना हमेशा एक भावनात्मक क्षण होता है। दुख इस बात का होता है कि अनुभवी साथियों से विदा लेनी पड़ती है, लेकिन सुख इस बात का भी होता है कि अब आप सेवानिवृत्ति के बाद एक स्वच्छंद, तनावमुक्त जीवन जीने जा रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप आगे का जीवन परिवार के साथ आनंदपूर्वक बिताएँ और अपने जीवन के अनुभवों को अगली पीढ़ी के साथ साझा करें। सेवानिवृत्ति को निराशा का नहीं, बल्कि एक नए जीवन अध्याय की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। आयुक्त ने दोनों को आगे के जीवन हेतु मंगलकामनाएं व शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित लोगों को मासिक पेंशन दे सरकार : नायक



**रांची** : राज्य सरकार झारखंड के सभी पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को कर्नाटक, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सरकार के तर्ज.पर पांच डिसमिल जमीन और 25 हजार रुपये मासिक पेंशन राशि के साथ-साथ चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए। ये बातें शुक्रवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र और ईमेल भेजकर पेंशन की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन विशिष्ट व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए, क्योंकि ये लोग अपनी कला और सम्बन्धित कौशल से राज्य की सेवा की है। यदि सरकार ऐसा करती है तो यह कदम न केवल इन विभूतियों के प्रति सम्मान का प्रतीक होगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी प्रेरणा देगा कि वे समाज और देश के लिए उत्कृष्ट योगदान दें।

### उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त ने हाईकोर्ट में दी गिरफ्तारी को चुनौती



**रांची**: शराब घोटाला के आरोपों में एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह ने भी झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गजेंद्र सिंह ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने और एसीबी द्वारा उनकी गिरफ्तारी करने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। बीएनएस की धारा 482 के अंतर्गत उन्होंने याचिका दाखिल कर कहा है कि जिस मामले में उनके विरुद्ध एसीबी ने कार्रवाई की है वह पूरी तरह निराधार है और उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए। गजेंद्र सिंह की याचिका फिलहाल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने 21 मई को राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार के उनके ऊपर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है। शराब घोटाला में अब तक कुल पांच गिरफ्तारियां हुई हैं और कई लोग एसीबी की रडार पर हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/खड़गपुर-721301, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जो सामने अंकित तिथि पर 12:00 बजे से पहले तक जमा किए जा सकते हैं। क्र. सं.: 1; निविदा सूचना संख्या: 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-06 आर1; कार्य का विवरण: खड़गपुर मंडल - चरण-II के रूप में खड़गपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर 01 किलोवाट से 50 किलोवाट तक के ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना। निविदा मूल्य: ₹ 13,11,75,492.66; बोली सुरक्षा/ईएमडी: ₹ 8,05,900.00; खुलने की तिथि: 19.06.2025; निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य। कार्य पूर्ण करने की अवधि: स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से क्र. सं. (i) के लिए 6 महीने। जमा करने की तिथि: 19.06.2025 को 12:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता पूर्ण विवरण, जानकारी, निविदा की विशिष्टताओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी स्थिति में इस कार्य हेतु मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोट: इच्छुक बोलीदाता सभी निविदा में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-222)

# हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : कांके थाना पुलिस ने एन्टी क्राइम चेकिंग के दौरान हथियार के साथ एक अपराधी शमसाद आलम को गिरफ्तार किया है। शमसाद गोंदा थाना क्षेत्र की टिंबर गली के तीसरा अपार्टमेंट में रहता है। वह मूल रुप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुई है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि जिले में सघन गश्ती और एन्टी क्राइम चेकिंग लगातार की जा रही है। इसी दौरान 29 मई की रात कांके थाना क्षेत्र के लॉ यूनिवर्सिटी के आगे रिंग रोड ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति के संदिग्ध हालत में हथियार के साथ बैठे होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने संदिग्ध



युवक को दौड़ाकर पकड़ा और उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। एसएसपी ने बताया कि आरोपित इलेक्ट्रिशियन का काम करने का साथ ही बैट्री की सप्लाई भी करता था। हथियार के संबंध में पूछे जाने पर उसने बताया कि वह बिहार के मुंगेर से खरीदकर लाया था। पूछताछ के दौरान अब तक आरोपित के विरूद्ध कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। फिर भी पुलिस उसे गिरफ्त में लेकर हथियार सप्लायर के साथ ही अन्य बिन्दुओं पर छानबीन और पूछताछ कर रही है। छापेमारी टीम में डीएसपी अमर कुमार पांडेय, कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक, मनोज कुमार करमाली सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

### साइबर अपराधी गिरफ्तार, सामान बरामद

**रांची** : राजधानी की साइबर अपराध थाना पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी का नाम अजय कुमार है। वह देवघर जिले का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर एक एयर कंडिशनर (एसी), एक फ्रिज और दो मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को इसके बारे में एक प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 मई को साईबर अपराध थाना में रांची के शिव शक्ति नगर, कोकर निवासी सूरज नाम के व्यक्ति ने एक आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने लिखा था कि 20 मई को आरबीएल के क्रेडिट कार्ड के चार्ज कटने के नाम पर व्हाट्सएप में लिंक और एपीके फाईल भेजकर कुल 1,08,479 रुपये की अवैध निकासी कर अमेजन से आर्डर कर लिया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर साईबर थाना में मामला दर्ज कर एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस को अनुसंधान के क्रम में साईबर अपराध थाना से प्राप्त तकनीकि डेटा से यह ज्ञात हुआ कि पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से ठगी हुई राशि का उपयोग एसी, फ्रिज और मोबाईल फोन खरीदने में हुआ है। इन सामानों को आर्डर कर देवघर डिलीवर किया गया है। इसके बाद एसआईटी और सोनारायठाढ़ी थाना प्रभारी के सहयोग से साइबर अपराधी अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर आर्डर किए गए पार्सल को बरामद किया गया। पुलिस को गिरफ्तार साइबर अपराधी ने बताया कि वह एपीके फाईल भेजकर साईबर ठगी की घटना को अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अंजाम देता था। पैसे से ऑनलाईन सामान ऑर्डर कर मंगा लेता था। कभी-कभी पैसे को अन्य साईबर अपराधियों के बैंक खाते में ट्रांस्फर कर उनसे कैश के रूप में ले लेता था। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य छह अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# सीआईडी ने 1.39 करोड़ ठगी मामले में तीन साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने 1.39 करोड़ ठगी मामले में तेलंगाना एवं मिजोरम से तीन साइबर अपराधी को पकड़ा है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बी तेलंगाना निवासी इससेक अहमद, कुन्नापुल्ली सुब्रमण्या शर्मा और मिजोरम निवासी लालदूशंगा शामिल है। इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम, एटीएम कार्ड पांच, लैपटाप एक,चेकबुक तीन, आधार कार्ड, वोटर आईडी और कांड से संबंधित व्हाट्सअप चार्ट बरामद किया है। सीआईडी डीएसपी नेहा बाला ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राईम थाना कांड संख्या 50/25 बीते 14 मई को दर्ज हुआ था। इस कांड में साइबर अपराधी के द्वारा व्हाट्सअप कॉल के



जरिए केन्द्रीय प्रवर्तन एजेंसियों अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराध में झूठा फंसाने की धमकी दी और तत्काल पीड़िता को 1.39 करोड़ रुपये का ठगी कर लिया गया। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त तकनीकी एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर छापामारी कर कांड में संलिप्त तीन साइबर अपराधकर्मी को तेलंगाना और मिजोरम से गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ अन्य राज्यों में कुल 15 मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि कुनापुली सुब्रमण्या शर्मा की जांच में खुलासा हुआ कि वह दुबई स्थित साइबर क्राइम सिंडिकेट के साथ करीबी तालमेल में काम कर रहा था। यह सिंडिकेट आरएके बैंक दुबई में खोले गये प्रोपराइटरशिप फर्मों और बैंक खातों के माध्यम से काम करता था, साथ ही भारत स्थित बैंक खातो का इस्तेमाल पीड़ितो से प्राप्त धन को ट्रांसफर करने के लिए करता था।

# वित्तीय अनुशासन की शर्त पर मिले राज्य को सहायता : आजसू पार्टी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : वित्त आयोग की बैठक में आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भाग लिया। प्रभाकर द्वारा वित्त आयोग के सामने राज्य में वित्तीय कुप्रबंधन तथा विकास योजनाओं के पैसों के विचलन का आरोप लगाया गया। प्रभाकर ने पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रति गंभीर नहीं है, इसी कारण वित्त आयोग की बैठक से मुख्यमंत्री सोरेन अनुपस्थित रहे। प्रभाकर ने वित्त आयोग से कहा कि झारखंड का गठन एक लंबे संघर्ष के बाद हुआ है लेकिन विगत 5-6 वर्षों से वित्तीय कुप्रबंधन तथा भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास बाधत हुआ है। यह राज्य कई संरचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनके समाधान के लिए वित्त आयोग से विशेष ध्यान देने का अनुरोध है। उन्होंने कहा कि खनन परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व का उचित हिस्सा झारखंड को मिलना चाहिए। आजसू ने पेसा कानून लागू करने और नगर निकायों का चुनाव करने के लिए ध्यान आकर्षित किया। डॉ भगत ने वित्त आयोग से केंद्रीय अनुदान के उपयोग का पारदर्शी लेखा-जोखा सुनिश्चित करने, योजनाओं के अमल में लाने में समानता, और समावेशिता को बढ़ावा देने तथा जन शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया। आजसू नेताओं ने कहा कि कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, औद्योगिक विकास एवं आधारभूत संरचना विकसित करने, जनजातियों का विकास सुनिश्चित करने, शिक्षा का स्तर सुधारने, पर्यटन को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए सहायता दी जाए।

# रिम्स फिजियोथेरेपी विभाग का निरीक्षण मशीनों की कमी पर जताई चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) हीरेन्द्र बिरुआ, उपाधीक्षक-2 डॉ. राजीव रंजन एवं फिजियोथेरेपी विभाग के इंचार्ज डॉ. विनय प्रभात ने संयुक्त रूप से फिजियोथेरेपी विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन एवं डॉ. देवेंद्र मुंडा ने जानकारी दी कि विभाग में प्रतिदिन लगभग 60 ओपीडी मरीजों के साथ-साथ इनडोर (आईपीडी) मरीजों को भी फिजियोथेरेपी दी जाती है। हालांकि, विभाग में मशीनों की संख्या पर्याप्त नहीं है और कई मशीनें खराब पड़ी हैं। इस पर चिकित्सा अधीक्षक ने निर्देश दिया कि खराब मशीनों की सूची शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाए, ताकि आवश्यक मशीनों की खरीद प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि विभाग में बारिश के कारण जल-जमाव की समस्या बनी हुई है और छत की स्थिति बेहद जर्जर है। इस पर डॉ. बिरुआ ने रिम्स के सहायक अभियंता के. के. मिश्रा को निर्देश दिया कि मरम्मत और सुधार कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। इसके अलावा विभाग के शौचालय और खिड़की-ग्रिल भी जर्जर अवस्था में पाई गईं। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग एवं पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (ढहऊ) को कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्टोर कक्ष में सफाई की कमी और सर्जिकल स्टोर में जल-जमाव की स्थिति भी देखी गई। चिकित्सा अधीक्षक ने निर्देश दिया कि वहां रखी गई सभी सामग्री को साफ और सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। रिम्स प्रबंधन द्वारा विभागीय सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मरीजों को समुचित सेवा मिल सके।

# सेना का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने भाजपा पर सेना के राजनीतिक इस्तोमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरा देश सेना के साथ खडा था। लेकिन ऑपरेशन के बाद भाजपा सेना का राजनीतिक इस्तेनमाल कर रही है, जो बेहद दुखद है। सुप्रियो शुक्रवार को झामुमो के हरमू स्थित (कैंप) कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री ने महिला सैनिक पर टिप्पणी की, जिसपर भाजपा और मध्यक प्रदेश सरकार ने मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब जम्मू के उधमपुर के भाजपा विधायक ने वायु सेना का अपमान किया है। इसपर भी



भाजपा की ओर से विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि घर-घर सिंदूर बांटने का एक राजनीतिक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह भारतीय महिलाओं और सनातन धर्म के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने सवाल किया कि क्यों कोई पुरूष पराई स्त्री को सिंदूर देगा। भाजपा को बताना चाहिए कि उनके नेता अपने घर के सिंदूर को क्यों बाहर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि असम के मंत्री खुलेआम सरकारी कार्यक्रमों में मुस्लिम समाज के लोगों को मियां कह कर संबोधित करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से भी इस्लाम पर प्रहार किया जाता है। यह भाजपा का चरित्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को धर्म और जाति की आग में धकेलने का काम कर रही है।

# विकास और विरासत को समर्पित था लोकमाता अहिल्याबाई का सुशासन : शिवप्रकाश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी महानगर जिला के तत्वावधान में शुक्रवार को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने अपने ऑनलाइन सारगर्भित संबोधन में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई शक्ति और भक्ति की समुच्चय थीं। उन्होंने अपने को कभी रानी नहीं माना, बल्कि भगवान शिव के सेवक के रूप में राजकाज का संचालन किया। शिवप्रकाश ने कहा




कि अहिल्याबाई समता और ममता की भावनाओं से ओतप्रोत थीं और यह उनके निर्णयों और सोच में लगातार परिलक्षित होता रहा। उन्होंने अपने शासन में गरीब कल्याण, किसान कल्याण, जनजाति कल्याण, नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। आज से 300 वर्ष पूर्व सुशासन को भी स्थापित किया, जिसमें अपने पुत्र को भी दंडित करने का निर्णय बेमिसाल उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने किसानों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई, बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में कार्य किए, भूमिहीनों को पट्टे दिए, सिंचाई की उत्तम व्यवस्था की, तालाब-कुएं बनवाए, पशुपालन की व्यवस्था की। भील और अन्य जनजाति समाज के विकास की चिंता की। जनजाति समाज के लिए राज्य को प्राप्त कर से अलग फंड बनाए। शिवप्रकाश ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में उनके कार्य आज प्रेरणा है। विधवा पुनर्विवाह, सैनिक के विधवाओं के लिए पेंशन, दत्तक पुत्र को संपत्ति का अधिकार, महिलाओं को संपत्ति का अधिकार , सती प्रथा को समाप्त करना जैसे अनेक कार्य किए। स्वयं सहायता समूह के माध्यम की परिकल्पना अहिल्याबाई होलकर की ही है। उन्होंने अपने राज्य में माहेश्वरी वस्त्र उद्योग की स्थापना की जो आज भी प्रसिद्ध है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने कहा कि समता और ममता उनके व्यवहार में था। अपने कर्मचारियों के साथ भी बैठकर भोजन करती थीं। उनमें जितनी विकास की सोच थी, उतना ही अपने सांस्कृतिक विरासत की चिंता भी थी। उन्होंने भारत की सनातन परम्परा जिसे विधर्मियों ने नष्ट करना चाहा था, उसे पुनर्स्थापित किया। पूर्व से पश्चिम ,हिमालय से रामेश्वरम तक मंदिरों के पुनरुद्धार कराए और यह कार्य उन्होंने अपने राजकोष से नहीं, बल्कि निजी कोष से कराए। अहिल्याबाई प्रजा की सेवा को परमात्मा की सेवा मानती थीं। उन्होंने अपने 28 वर्षों के सुशासन में विकास और विरासत के आदर्श को प्रस्तुत किया।


## संक्षिप्त खबरें

### गांव-गांव शराब की दुकान खोलने के प्रस्ताव को रद्द करने को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची** : पांचवी अनुसूचित एरिया में गांव-गांव में शराब दुकान खोलने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से निर्णय लिया गया है। इस प्रस्ताव को रद्द करने और लघु खनिज बालू, गिट्टी, मिट्टी एवं मोरम पर ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री देव कुमार धान के नेतृत्व में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को इससे संबंधित ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पांचवीं अनुसूची एरिया के गांवों में शराब बिक्री के लिए टीएसी में लिए गए प्रस्ताव को रद्द किया जाए। इसकी जगह शहर में जो भी शराब दुकान खुल रहे हैं उसमें आदिवासियों को आरक्षण दिया जाए, क्योंकि झारखंड के गांवों में शराब दुकान खोलने से आदिवासियों और मूलवसियो पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। साथ ही वर्तमान में बालू जो प्रति हाईवा 46 हजार रुपये में बिक रहा है। इसमें 26 हजार रुपये पुलिस और बालू माफियाओं को घूस देना पड़ रहा है। इसके कारण गरीब बालू नहीं खरीद पा रहे हैं। इसलिए उपरोक्त सभी लघु खनिजों पर ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार दिया जाए। राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधियों में पूर्व मंत्री देवकुमार धान, प्रेमशाही मुंडा, फुलचन्द तिर्की, अभय भुटकुंवर और रमेश उरांव शामिल थे।

### फुर्सत में दिखे कैप्टन कूल, मछली पकड़ते धोनी की तस्वीर वायरल




**रांची** : आईपीएल से चेन्नई के बाहर हो जाने के बाद सोशल मीडिया पर धोनी की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर धोनी मछली पकड़ते हुए दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर धोनी के रांची स्थित फार्म हॉउस की है। यह भी दावा किया जा रहा है कि आईपीएल से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी फुर्सत में हैं और मछली मारकर अपना टाइम पास कर रहे हैं। जो तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें धोनी ने काली रंग की टीशर्ट पहनी है जिसपर ड्यूटी, ऑनर और कंट्री लिखा हुआ है। बता दें कि धोनी को भारतीय सेना से काफी ज्यादा प्यार है और धोनी अक्सर इंडियन आर्मी की टीशर्ट पहनकर घूमते हुए नजर आते हैं। धोनी फौज में लेफ्टिनेंट कर्नल के पोस्ट पर हैं और टेरोटेरियल आर्मी में हैं। उन्हें साल 2011 में ये पोस्ट मिली थी। साल 2019 में उन्होंने विक्टर फोर्स के साथ कश्मीर में 15 दिन सेवा दी थी। धोनी कि रिटायरमेंट को लेकर काफी बातें चल रही हैं। लेकिन अब तक धोनी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। धोनी ने साफ कह दिया है कि अगले 4-5 महीने वो देखेंगे और शरीर पर मेहनत करेंगे। इसके बाद ही वो फैसले लेंगे कि उन्हें आगे क्या करना है। आपको बता दें कि चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2025 से बाहर हो चुकी है। ऋतुराज गायकवाड़ ने पहले टीम की कप्तानी की और फिर एमएस धोनी ने कमान संभाली। लेकिन इसके बावजूद भी टीम जीत नहीं पाई। इस दौरान धोनी की स्ट्राइक रेट 135 .17 की रही। धोनी टॉप ऑर्डर में बैटिंग के लिए नहीं आए और उन्होंने सिर्फ निचले क्रम में ही खेला। ऐसे में अब धोनी रांची पहुंच चुके हैं जहां वो खूब एंजॉय कर रहे हैं। धोनी ने पहले ही कहा था कि आईपीएल खत्म होने के बाद वो अपने घर जाकर बाइक राइड करेंगे। आपको बता दें कि रांची में धोनी का एक फार्म हॉउस है जो करीब 44 एकड़ में फैला हुआ है। इस फार्म हॉउस में धोनी खेती - किसानी करते हुए कई बार दिख चुके हैं। धोनी खुद ट्रेक्टर चलाते हुए भी दिख चुके हैं। अब धोनी का मछली पकड़ते हुए ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है।

### अपना घर आश्रम में निराश्रितों को कराया भोजन



**रांची** : मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के परिसर में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम शुक्रवार को दीपक मोदी और नवीन मोदी के सौजन्य से आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि और दिव्यांगों को अन्नपूर्णा सेवा भोजन कराया गया। भोजन आश्रम के किचन में बनवाकर खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 16 मई से 30 मई तक 15 दिनों में 2990 निराश्रितों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में-विश्वनाथ मोदी,अशोक अग्रवाल, निर्मला गाड़ोदिया, महादेव शिव शंकर, मधुर मोतिका, पीके चौधरी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विनय प्रसाद, बृजमोहन प्रसाद, रूमा कुमारी, विकास विजयवर्गीय, निर्मला छावनिका, तुषार केडिया, छाया दत्ता, डूंगरमल अग्रवाल के सौजन्य से सभी निराश्रितों की सेवा की गई। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल सहित अन्य, उपस्थित उपस्थित थे।

### श्री श्याम मित्र मण्डल की कार्यकारणी का चुनाव 13 जुलाई



**रांची** : श्री श्याम मित्र मण्डल की नये पदाधिकारियों व कार्यकारणी समिति का निर्वाचन १३ जुलाई २०२५ रविवार को पूर्वाहन ११ बजे हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) के प्रथम तल्ला स्थित मण्डल के सभागार में होगी। गुरुवार को कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी की अध्यछता में उपरोक्त में उपरोक्त निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मंडल के संस्थापक सदस्य विश्वनाथ नारसरिया को चुनाव पदाधिकारी व सहयोगी के रूप में वरिष्ठ सदस्य राजकुमार केडिया को मनोनीत किया गया। ज्ञातव्य है की १२ जनवरी को साधारण सभा की बैठक हुई थी जिसमें निर्वाचन का कार्य को स्थगित करके बैठक स्थगित कर संस्था के विधान के अनुसार निर्वाचन करने की बात हुई थी। इसी आलोक में १३ जुलाई को स्थगित बैठक को आहूत किया जा रहा है। कार्यकारणी समिति की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी,महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, प्रदीप राजगढरिया,श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, संजय सर्राफ,राजेश कतुरका,,रतन शर्मा,स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक ओपीडी में रहेंगे मौजूद : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सेवा मिलनी चाहिए। पैथोलॉजी भी पूरी तरह से कार्यरत होनी चाहिए। यहां पदस्थापित सभी चिकित्सक ओपीडी में मौजूद रहेंगे। चिकित्सक एवं स्पेशलिस्ट का माहवार रोस्टर तैयार करें। सभी के वेतन का भुगतान बयोमेट्रिक अटेंडेंस के अनुसार किया जाएगा। उपरोक्त निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गुरुवार को सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण को लेकर आयोजित बैठक में सिविल सर्जन को दिया। उपायुक्त ने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा देना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। इसलिए एक सप्ताह में सदर अस्पताल में साफ सफाई, सुरक्षा तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर सुधार नजर आना चाहिए। पैथोलॉजी के लिए जरूरी संसाधनों की पूर्ति कर पैथोलॉजी पूरी तरह से कार्यरत रहनी चाहिए। अस्पताल के हर उपकरण सुचारू रूप से चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं कर्मी अपने कर्तव्य का सर्वोत्तम तरीके से पालन करें। कर्मी औपचारिक वस्त्रों में आएं। चिकित्सक एवं कर्मी समय पर अस्पताल पहुंचे। सभी विभागों के बाहर नेम प्लेट लगाएं। स्टोर रूम में पर्याप्त मात्रा में अच्छी कंपनी की दवाइयां रखें। बैठक के दौरान उपयुक्त ने सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण और जरूरी संसाधनों की पूर्ति के लिए सुझाव मांगे। साथ ही अगस्त महीने तक सदर अस्पताल में 1000 ओपीडी एवं 500 सर्जरी करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, नोडल डॉ संजीव कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा सदर अस्पताल के सभी कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर


### एसपी ने किया कसमार थाना का औचक निरीक्षण



**बोकारो :** कसमार में शुक्रवार को बोकारो पुलिस अधीक्षक द्वारा कसमार थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस कर्मियों से जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने अवैध धंधों पर सख्त रोक लगाने तथा अपराध नियंत्रण में प्रभावी कदम उठाने का भी निर्देश दिया।

इस निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस सेवा को बेहतर बनाना और स्थानीय स्तर पर शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया।

### आरपीएफ की कार्रवाई रेलवे स्टेशन से दो नाबालिग प्रेमी जोड़े को चाइल्ड हेल्प डेस्क को सौंपा गया



बोकारो : रेलवे स्टेशन के परिसर में ड्यूटी कर रहे एसआई अरुणा उरांव के साथ एएसआई डी के द्विवेदी और सीटी आर.आर. कुमार,एलसी सुषमा और एलसी मीरा कुमारी नियमित चैकिंग के दौरान देखा कि दोपहर के समय लगभग 3:30 बजे प्लेट फॉर्म संख्या 1 के पास जो लिफ्ट है उसके पास एक लड़का और एक लड़की दोनों इधर उधर संदिग्ध तरीके से घूमते दिखाई दिए। मामला प्रेम प्रसंग प्रतीत हो रहा था। शक होने पर जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना नाम ऋषि रंजन उम्र 17 वर्ष पता ललन कुमार, आर/ओ- क्वार्टर नंबर 1011, सेक्टर-12/एफ, पी.ओ+पी/एस- सेक्टर-12, जिला- बोकारो वहीं लड़की ने अपना नाम उम्र 17 वर्ष पता तेलों, चंद्रपुरा, बोकारो का निवासी बताया। और दोनों ने यह भी बताया कि वे दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं। और घर में दोनों बिना किसी को बताए एक दूसरे से मिलने के लिए रेलवे स्टेशन पर आए थे। लड़की ने यह भी बताया कि वह रांची के सरकारी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रही है और वही छात्रावास में रहती है वहीं से वह बिना किसी को सूचना दिए हुए अपने प्रेमी से मिलने बोकारो रेलवे स्टेशन आई हुई थी। वही नाबालिक लड़की ने भी बताया कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने बोकारो रेलवे स्टेशन आया हुआ था। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बोकारो आरपीएफ ने सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए चाइल्ड हेल्प डेस्क, बोकारो को सौंप दिया गया।

## 100 साल पुराना कतरास हटिया अस्तित्व के संकट में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कतरास की 100 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर कतरास हटिया आज अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। यह ऐतिहासिक हाट, जो कभी राज परिवार की अमानत मानी जाती थी, आज सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों और प्रशासन की उदासीनता के चलते सिसक रही है। हैरानी की बात यह है कि यह जमीन अब झारखंड सरकार के अधीन है और नगर निगम द्वारा यहां से राजस्व वसूली (रसीद) भी की जाती है। बावजूद इसके, कोई भी व्यक्ति बिना किसी रोक-टोक के जहां मन चाहे वहां पक्के दुकान का निर्माण कर रहा है। नगर निगम और जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठना स्वाभाविक है क्योंकि कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हटिया में जहां कभी गोरु हाट, बकरी, मुर्गा, दातुन-पत्तल से लेकर सभी जरूरी सामानों की पारंपरिक खरीद-बिक्री होती थी, वह अब सिमटकर कुछ वर्ग मीटर की जमीन में रह गई है। विशेष रूप से रविवार और गुरुवार को लगने वाला यह हाट एक समय कतरास की पहचान हुआ करता था।

अवैध निर्माण और आस्था पर चोट

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों और नगर निगम कर्मियों की मिलीभगत से 30 से 50 हजार रुपये लेकर किसी को भी पक्का निर्माण करने की मौखिक अनुमति दे दी जाती है। एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है कि हटिया परिसर में स्थित हिन्दू आस्था का प्रतीक वटवृक्ष (बरगद का पेड़) भी कब्जाधारियों के निशाने पर आ गया है। उस पर सब्जी की दुकान खोलकर चबूतरा बना दिया गया है और प्लास्टिक से ढककर उसे छिपाया गया है। 2021 की सर्वे रिपोर्ट भी दबाई गई

## बाल विवाह रोकथाम के लिये आशा अभियान की हुई शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बाल विवाह एक सामाजिक पाप है, जो हमारी भावी पीढ़ियों की नींव को हिला देता है। बाल विवाह को कई लोग आज भी परंपरा, संस्कार या सामाजिक जिम्मेदारी मानते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि यह एक कुप्रथा है यह एक ऐसा घाव जो बच्चों के जीवन को अपूर्ण बना देता है। भारतीय कानून के अनुसार, लड़कियों की न्यूनतम वैवाहिक आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यदि कोई इससे पहले विवाह करता है, तो वह न केवल कानून तोड़ता है, बल्कि एक बच्चे का बचपन, उसका भविष्य और उसके सपनों को भी तोड़ता है।

उपरोक्त बातें शुक्रवार को सिविल कोर्ट धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड लीडर, कोऑर्डिनेटर एवं डालसा के पारा लिगल वॉलंटियर को संबोधित करते हुए कही।वहीं एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है। हर माता-पिता, हर जागरूक नागरिक को यह समझना होगा कि बाल विवाह रोकना केवल कानून का नहीं, समाज की अंतरात्मा का भी प्रश्न है . हमें लड़कियों को बोझ नहीं, बल्कि सशक्त, और जुझारू बनाना होगा। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान से ही समाज की बेटियाँ आगे बढ़ेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन सह झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक शंकर रावानी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत यह एक दंडनीय अपराध है। इसमें दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है।पीड़ित को संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास का अधिकार है।

## ईएसएल स्टील लिमिटेड ने माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर, वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नंदघर, बांधडीह में एक विशेष माहवारी स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी जानकारी देना, स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की और सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं साझा की। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में अब इस महत्वपूर्ण विषय पर संवाद की आवश्यकता को समझा जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी सभरवाल, मुख्य गुणवत्ता अधिकारी, ईएसएल स्टील लिमिटेड रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा "मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह सम्मान और सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। इस जागरूकता सत्र के जरिए हमारा उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म के अनुकूल समाज के निर्माण की दिशा में योगदान देना है। आज चुप्पी तोड़ने से कल का समाज अधिक स्वस्थ और समावेशी बनेगा। सत्र में सरकारी स्वास्थ्य टीम की काउंसलर, आभा कुमारी ने भी भाग लिया। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता, व्यवहार और मिथकों पर खुलकर बात की। उनके संवादात्मक सत्र में महिलाओं और लड़कियों ने अपने सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और व्यावहारिक उत्तर दिया।

## बोकारो के जरीडीह में दर्दनाक हादसा मनरेगा कूप में दबकर लाभुक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भस्की पंचायत के टोंडरा में गुरुवार को मनरेगा का निमार्णाधीन कूप धंस गया। घटना में कूप का लाभुक घनेनाथ महतो (उम्र 59, पिता परन महतो) की मौत हो गयी है। स्वर्गीय महतो उस कूप में मजदूर के रूप में स्वयं तथा परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ ईंट जोड़ाई के काम में लगा हुआ था। इस घटना में उसके पुत्र अमित को भी चोट लगी है। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है। जानकारी के अनुसार, घनेनाथ को मनरेगा के तहत कूप मिला हुआ है। पिछले कुछ दिनों से ईंट जोड़ाई का काम चल रहा था। पिछले दिनों की तरह गुरुवार को भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ईंट जोड़ाई का काम चल रहा था। इसी दौरान ऊपर की गीली मिट्टी धंस गयी और घनेनाथ कुएं के अंदर मिट्टी में दब गया। घटना की खबर की खबर फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा मिट्टी में दबे घनेनाथ को कुएं से बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनके पुत्र अमित को पैर में चोट लगी है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया मंटू राम मरांडी, काशीनाथ महतो, राहुल कुमार महतो, हरिपद महतो, लालू महतो समेत काफी लोग पहुंचे।

## विधायक ने की प्रेस वार्ता, बोकारो हवाई अड्डा संचालन पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विधायक श्वेता सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया इस अवसर पर बोकारो विधायक ने सर्वप्रथम हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बोकारो जिले के समस्त पत्रकारों को शुभकामना दी तत्पश्चात अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय भारी उद्योद एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमार स्वामी से बिंदुवार लंबित समस्याओं में सार्थक वार्ता हुई

वार्ता के दौरान बोकारो से जुड़ी अनेक ज्वलंत समस्याओं व लंबित मांगों पर गहन चर्चा हुई मंत्री ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया, बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बोकारो हवाई अड्डा संचालन से जुड़ी समस्याएं एवं समाधान हवाई अड्डा पूरी तरह से बनकर तैयार है, लेकिन संचालन कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से लंबित है। इनमें शामिल हैं। एयरपोर्ट के आसपास स्थित चिमनियों पर ऑब्सटेकल लाइटिंग लगाना।

एक बंद पड़ी चिमनी को छोटा करना। ऑपरेशनल शुल्क एग्रीमेंट पर सेल और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच सहमति बनना। सतनपुर पहाड़ पर ऑब्सटेकल लाइट लगाना, जिसे मैं अपने विधायक निधि से लगाने जा रही हूँ जिसका विशेष प्रमंडल के अधिकारी डी पी आर भी तैयार कर रहे हैं सुरक्षा से जुड़ी जरूरतों को लेकर रांची आने के बाद झारखंड के पुलिस महानिदेशक से कल उनके कार्यालय में मुलाकात की ESIC अस्पताल निर्माण में आ रही अड़चनें को दूर करने के संदर्भ में ESIC अस्पताल के लिए निर्माण स्वीकृत है,लेकिन SAIL द्वारा निर्धारित भूमि शुल्क अधिक होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह रअक्छ से वार्ता कर नीति में सुधार कर इसका समाधान कराएंगे। विस्थापित परिवारों और रोजगार का मुद्दा विस्थापित परिवारों एवं अप्रेंटिस युवाओं को स्थायी रोजगार देने की पुरानी मांग को पुनः रखा गया,जिसपर मंत्री ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिया।

विस्थापित आंदोलन में शहीद हुए स्वर्गीय प्रेम महतो जी के परिजन को स्थायी नौकरी देने की मांग पर भी मंत्री महोदय ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। SAIL के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे । सेवानिवृत्त कर्मचारियों को क्वार्टर खाली करने के लिए भेजे गए एविक्शन नोटिस को निरस्त करने के विषय पर चर्चा हुई। मंत्री ने इसे अन्य रअक्छ इकाइयों जैसे दुगार्पुर व राउरकेला की तर्ज पर हल करने की बात कही,जहाँ ऊटाइप क्वार्टर का लाइसेंस रिटायर्ड कर्मियों को दिया जाता है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी भुगतान सुनिश्चित करने पर मंत्री जी ने सहमति जताई।

**बकाया एरियर भुगतान**

SAIL कर्मचारियों को 39 महीने का लंवित एरियर भुगतान शीघ्र किए जाने की मांग को मंत्री जी के समक्ष रखा गया,जिसपर उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सेक्टर 12 स्थित क्वार्टर्स पर आदेश बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 स्थित क्वार्टर्स को ध्वस्त करने का आदेश SAIL द्वारा दिया गया है, जिससे आमजन को भारी असुविधा होगी। इन क्वार्टर्स को मरम्मत कर पुनः रहने योग्य बनाया जाए,जिस पर मंत्री ने विचार का भरोसा दिया। दिव्यांगत कर्मचारियों के आश्रितों पर अन्यायपूर्ण किराया

SAIL में कार्यरत रहे दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों से निजी किरायेदारों के बराबर किराया वसूला जा रहा है जो मानवीय दृष्टिकोण से अनुचित है। विधायक ने मांग की कि जब तक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की मूल तिथि न आए,तब तक सामान्य दर पर ही किराया लिया जाए। मंत्री महोदय ने इस पर नीति संशोधन हेतु रअक्छ से वार्ता का भरोसा दिया।

**इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना**

विधायक ने बोकारो में इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना हेतु भूमि की उपलब्धता का मुद्दा उठाया।

## संक्षिप्त खबरें

### निचितपुर व नेहरू बालिका उच्च विद्यालय में पूर्व विधायक उदय कुमार की 11वी पुण्यतिथि मनी



**धनबाद :** मजदूरो के मसीहा मजदूरों के दिलो में आज भी जिंदा है स्वर्गीय पूर्व विधायक उदय कुमार सिंह है उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमिटी के अध्यक्ष सह आर सी एम यू कार्यकारी अध्यक्ष बजेन्द्र प्रसाद सिंह ने निचितपुर बी टाइप में पूर्व विधायक उदय कुमार सिंह की 11 वी पुण्यतिथि समारोह में उपस्थित मजदूरो व प्रतिनिधियों से कहा। श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व विधायक सह आर सी एम संघ के कार्यकारी अध्यक्ष उदय कुमार सिंह एक मिलनसार व मजदूरो के सच्चे हितैषी व सर्वमान्य नेता थे,सभी दलों के प्रतिनिधि उन्हें आज भी दिल से सम्मान देते है। रा को म यू के महामंत्री ए के झा ने कहा कि देश आज संकट में है,मजदूर हर तरफ से शोषित हो रहे,प्रबंधन मनमानी कर रही है,जिसके खिलाफ आगामी 20 जून को प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाना है,उदय बाबु मजदूर के हक की लड़ाई के लिये हमेशा बढ़चढ़ कर कार्य किया,राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के वरीय उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता रामप्रीत प्रसाद ने कहा कि नेता जी मजदूरो के दिलो में आज भी जिंदा है,जिन्हें कभी भुलाया नही जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालो में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा ने कहा कि कोयला मजदूरों के हक की लड़ाई पूरी ईमानदारी से लड़ते थे,आज कंपनी में मजदूरो की संख्या लाख से घटकर 30 हजार रह गयी है,माल्यार्पण करने वालो में वरीय नेता वैभव सिन्हा, लोहा सिंह सहित अन्य ने अपने प्रिय नेता को पुष्पांजलि अर्पित किया।

### जदयू ने दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में नए उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया शिष्टाचार मुलाकात



**धनबाद :** जदयू पार्टी ने प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में धनबाद के नए उपायुक्त आदित्य रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह ने उपायुक्त से धनबाद जिला में विस्थापन,पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित विषय चर्चा किया।श्री सिंह ने कहा कि गांव के लोग विस्थापन,पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था से परेशान है। बीसीसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियां मनमानी ढंग से लोगों को विस्थापित कर रहा है। रैयतों का जमीन जबरदस्ती छिना जा रहा है। विरोध करने पर कंपनी द्वारा झुठा मुकदमा दर्ज कर फंसाया जा रहा है। पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था अत्यंत खराब है,इसे सुदृढ़ करने की जरूरत है। उपायुक्त ने विषय को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद सार्थक पहल करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जदयू टुंडी विधानसभा प्रभारी सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी, जदयू अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप, जदयू टुंडी प्रखंड युवा अध्यक्ष गोतम कुमार पाण्डेय, जदयू बाघमारा प्रखंड सचिव गंगा प्रसाद शर्मा,प्रिंस कुमार आदि शामिल रहे।

### लोको कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**धनबाद :** धनबाद रेलवे लोको शेड में कार्यरत वरीय टेक्नीशियन तुलसी यादव का आज लोको कार्यालय में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सबसे पहले श्री तुलसी यादव को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया फिर बारी-बारी रेल कर्मचारियों ने फूलों का माला पहनाएं उसके उपरांत उन्हें अंग वस्त्र शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें उपहार प्रदान किया गया आपको बता दे की तुलसी यादव इस माह के अंतिम तिथि में सेवानिवृत हो रहा है आज उन्हें अपने विभागीय द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था सभा के अंत में तुलसी यादव के बारे में उपस्थित रेल कर्मियों बारी-बारी से उनका रेल का प्रति योगदान का बखान किया गया। आज का इस समारोह में आर के लकड़ा,कमलेश्वरी कुमार और एन के खवास तीनों सीनियर सेक्शन इंजीनियर की उपस्थिति में कार्यक्रम को संचालित किया गया इनके अलावे तपन विश्वास, मृग भूषण सिंह,परमेश्वर कुमार,बी एन चटर्जी, मोहम्मद इकबाल,राजीव कुमार,विकास प्रसाद,कैलाश महतो,आर पी केसरी,जे एन मंडल, रवि रोशन कुमार,विकास कुमार,श्रीकांत यादव,लक्ष्मी रविदास,आर के चौधरी,रामु महतो,परशुराम राम सिंह, सन्नी श्रीवास्तव,मिथिलेश कुमार दास, महेन्दर कुमार, गोपाल साव,नीलम कुमारी,संजीता कुमारी और सभी लोगों को शेड के कर्मचारी उपस्थित।

### अफजल खान ने वृति डायलिसिस सेंटर को तत्काल चालू कराने को लेकर मामला उठाया

**बोकारो :** जिले में हेल्पिंग कॉर्प्स के जिला समन्वयक अफजल खान ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत संचालित वृत्ति डायलिसिस सेंटर एलएलपी अगामी सूचना तक बंद कर दिया गया है, जिससे मरीजों को डायलिसिस कराने में परेशानी हो रही है। अफजल खान ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार उठाया और सेंटर को फिर से शुरू करने की मांग की। उनकी मांग का असर हुआ और चंदनकियारी विधायक उमाकांत राजक ने ७ सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बोकारो के उपायुक्त से तत्काल संज्ञान लेने को कहा। बोकारो डीसी ने इस मामले में जिला के सिविल सर्जन को पहल करने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी उपायुक्त ने ट्वीट कर दी । अफजल अंसारी की इस पहल से कई मरीजों में खुशी है कि उन्हें फिर से डायलिसिस सेवाएं मिल पाएंगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले में शुक्रवार को बारिश के साथ वज्रपात होने से मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत हो गयी। तरहसी प्रखंड की गुरहा पंचायत के कदमखाड़ में मनरेगा मजदूर की मौत हुई, जबकि एक मजदूर झुलस कर जख्मी हो गया। सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बारी और कुलिया गांव में दो लोगों की मौत हो गई। सतबरवा के बारी के पारघाट टोला में गटु भुइयां (40) और कुलिया में शिवराज उरांव (50) की मौत हुई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। इन घटनाओं के बाद से प्रभावित परिवार का रो रो कर बुरा



हाल है। पारघाट टोला में गटु भुइयां बारिश के दौरान घर के आंगन में रखा लोहा पाइप से बना खटिया को भींगने से बचाने के लिए घर के अंदर ले जा रहे थे, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बारी की मुखिया निरोत्तम कुमारी ने सीओ तथा थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी है और उचित मुआवजा देने का आग्रह किया है। दूसरी ओर बोहिता पंचायत के कुलिया में शिवराज उरांव खेत में मवेशी चरा रहे थे। बारिश से बचने के लिए वह महुआ पेड़ के नीचे छिप गए। अचानक उसपर आकाशीय बिजली गिर गया, जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। मुखिया प्रतिनिधि लालबिहारी प्रसाद और श्यामबिहारी प्रसाद ने बताया कि तत्काल घटना की सूचना लेस्लीगंज थाना पुलिस को दी गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने एएसआई बसन्त कुमार दुबे और संतोष साहू को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारी गांव भेजा।

वहीं कदमखाड़ तालाब के पास मनरेगा मजदूर रविन्द्र सिंह ( 48 )मनरेगा के तहत कूप निर्माण में लगा था। इसी बीच बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी, वहीं राजेश साव जख्मी हो गया। अन्य मजदूर बाल बाल बच गए। सूचना मिलने पर तरहसी थाना से एसआई मानिन्द्र शर्मा और एएसआई मृत्युंजय दुबे मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर

### महिला से 50 हजार की लूट, अपराधियों की तलाश जारी

**सरायकेला :** बैंक से पैसा निकाल कर घर लौट रही महिला से शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश 50 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक कोलाबीरा बस्ती निवासी विपुला महतो बैंक ऑफ इंडिया की कोलाबीरा शाखा से 50 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थीं। जब वह दुर्गा मंदिर के पास बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचीं, तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनका रुपये से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गए। यह घटना कोलाबीरा टीओपी से महज 200 फुट की दूरी पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लूट के बाद दोनों आरोपित सरायकेला की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हालांकि, इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि लूट की यह घटना पुलिस चौकी से महज 200 फुट की दूरी पर हुयी।

### कांग्रेस ने बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा डीजीएम को मांग पत्र

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के डीजीएम सुधीर कुमार से मिलकर 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष दुबे ने विशेष रूप से जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबलिंग से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विभागीय कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर सहित कई क्षेत्रों में बार-बार हो रही लोडशेडिंग और खराब मेंटेनेंस के मुद्दे उठाए।

# प्रेस भवन निर्माण की मांग तेज, सिमडेगा पत्रकार संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा पत्रकार संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जिले में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। मौके पर पत्रकारों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान संघ के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से जिले में प्रेस भवन निर्माण की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिमडेगा जिला मुख्यालय में अब तक प्रेस भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। जिससे बाहर से आने वाले पत्रकारों और मीडिया से जुड़े अतिथियों को ठहरने या कार्य करने में परेशानी होती है। ज्ञापन में जयप्रकाश उद्यान के बगल में स्थित जमीन पर प्रेस भवन निर्माण की मांग की गई। साथ ही भवन बनने तक जिला जन संपर्क कार्यालय में एक कार्यालय उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। डीसी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनके कार्यों को सुगमता से करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की उपलब्धता बेहद जरूरी है। प्रेस भवन की दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से भी आग्रह किया कि जिले के समग्र विकास में मीडिया की भूमिका अहम है। यदि पत्रकार सकारात्मक सुझाव दें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करें, तो हम जनहित में कई प्रभावशाली निर्णय ले सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक सुनील सहाय, श्रीराम पुरी, सुहैब शहीद, राजेश बड़ाइक आदि शामिल थे।

# भारत का पराक्रम देख थर्रा रहे हैं दुश्मन देश : कोचे मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में सेना की ओर से किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को तोरपा में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत का पराक्रम देश कर दुश्मन देश थर्रा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमें ने केवल ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना है, बल्कि देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाना है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कें नेतृत्व में आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि पीओके हमारा है और हम इसे हर हाल में लेकर रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुंप्ता, विनोद भगत, धमेंद्र कुमार,कृष्णा भगत, विनय गुप्ता, दीपक तिग्गा सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे। वहीं तिरंगा यात्रा के पहले पूर्व विधायक कोचे मुंडा और संतोष जायसवाल ने पूर्व सैनिक सबरन नाग, रामदयाल गोप, कंचन सिंह मन्मथ साहू सहित अन्य को मामला पहनाकर और तिरंगा देकर उन्हें सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बालगृह के बच्चों को प्रशासन ने कराया वाटर पार्क का भ्रमण



**खूंटी :** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी बालगृहों में आवासित बच्चों को बेलाहाथी रोड, खूंटी स्थित एनडीए एक्वा अम्यूजमेंट वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न जल क्रीड़ाओं में हिस्सा लिया और दिन भर मनोरंजन किया। तीनों बालगृहों के बच्चों के आपसी मेल-मिलाप और संवाद से उनमें आपसी समझ और सामाजिक सहभागिता को बल मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को दोपहर का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। विजिट के अंतर्गत बच्चों को प्रशासनिक कार्यप्रणालियों से अवगत कराने कें लिए समाहरणालय खूंटी में विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने विशेष रूप से बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग का दौरा किया, जिससे उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसडीएम खूंटी के मार्गदर्शन में प्रभारी पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी का योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराए गए सामग्रियां की उपायुक्त से जांच की मांग

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बीते 22 मई को प्रभारी सीडीपीओ द्वारा सामग्रियों का किए गए वितरण को लेकर प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी ने उपायुक्त गिरिडीह से जांच की मांग की है। जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त वितरित सामग्री किस मद् से थी यह उन्हें पता नहीं। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी ने कही कि वितरण के दो दिन पूर्व उन्हें कार्यालय के प्रधान लिपिक के द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सामग्री वितरण की कोई व्यवस्था की सूचना उन्हें नहीं है। परंतु दो दिनों बाद किस नियम के तहत प्रमुख महोदया के हाथों सामग्री के रूप में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों को दो-दो कुर्सियां तथा एक-एक पंखा वितरित किए गया। वही उपायुक्त महोदय को दिए गए आवेदन के माध्यम से पूछा गया है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के सेविकाओं के बैंक खाते में सरकार द्वारा 6 हजार रुपए भेजे गए थे। जिसका उपयोग प्रभारी सीडीपीओ सरिया द्वारा बिना निविदा आमंत्रण के अपने मनमर्जी से उपयोग किया गया। वहीं इसकी कॉपी एसडीएम सरिया तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह को भी दी गई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का किया जोरदार स्वागत



**खूंटी :** भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का खूंटी में जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास गुमला जाने कें क्रम में शुक्रवार कों कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। बताया गया कि रघुवर दास गुमला से लौटने के बाद खूंटी में ही रात्रि विश्राम करेंगे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दास ने कहा विभिन्न फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जैसे दल शुरू से ही किसानों का विरोधी रही है।

मौके पर राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना जरूर होनी चाहिए। यह झारखंड के लोगों की बहुत पुरानी मांग है।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के उद्घाटन एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर लोकमाता की पावन स्मृतियों को याद किया गया। इस अवसर पर माननीय पूर्व मुख्यमंत्री (झारखंड) चंपई सोरेन ने विवि के आईकेएस केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री सोरेन ने विवि की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे भारत की स्वदेशी ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी करार दिया। विवि सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण, भगवान महादेव एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक वृहद भारत को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के रूप में जोड़ने के उनके कार्यों का स्मरण किया गया। इसके बाद भक्तिवेदांता विद्याभवन गुरुकुल, मुरी, रांची द्वारा तुलसी आरती की गई। भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय कर्मवीर सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती त्रिशताब्दी वर्ष में सनातन धर्म के उत्थान और पुनर्स्थापना की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। एसबीयू में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना के लिए उन्होंने विवि परिवार की प्रशंसा की।

# आम लदा पिकअप वैन पलटा चालक और खलासी घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी-चाईबासा मुख्य मांर्ग एनएच 75ई पर मुरहू थाना क्षेत्र कें पंजाबी कोठी के पास शुक्रवार को आम लदा एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना लगभग साढ़े तीन बजे की है। दुर्घटना में चालक बाबूलाल रजक और खलासी पिंटू दास गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कें बाद दोनों को खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक बाबूलाल ने बताया कि वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर से आम लादकर रांची की हरमू मंडी जा रहे थे। उसी दौरान पंजाबी कोठी के पास गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद दोनों घायल पिकअप में ही फंस गए थे। दुर्घटना



की सूचना मिलने पर मुरहू के युवा कांग्रेस नेता शिब्लू खां तत्काल जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस भी पहुंच चुकी थी। जेसीबी की मदद से दोनो को बाहर निकालने का प्रयास। जब विफल रहे, तब गैस कटर मंगाया गया, जिसकी मदद से पिकअप को काटकर दोनों घायलों को बाहर निकाला गया। इसके बाद शिब्लू खां ने घायलों को मुरहू सीएचसी पहुंचाया और वहीं रहकर इलाज में सहायता की।

### रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर तीसरी शताब्दी मनाई गई। जिले के शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसे लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। मौके पर कार्यक्रम आयोजन कर रानी अहिल्याबाई होलकर के कार्यों को याद किया गया। लोगों ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर एक मराठा शासक थी और वे अपने कार्यकाल में महिला उत्थान, धार्मिक उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए है। मुगलो की ओर से भारत में हिंदूओ के कई पवित्र मंदिरों का विध्वंश किया गया था जिनमें सोमनाथ और बनारस के काशी विश्वनाथ भी शामिल हैं, जिसका जीर्णोद्धार भी रानी अहिल्याबाई होलकर ने कराई।

# एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** 44 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को डालटनगंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस क्रम में वाहन चालकों सहित अन्य लोगों को यातायात नियम के बारे में जानकारी देते हुए पालन करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। कैडेट्स ने हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर और तख्तियां लेकर पूरे शहर का भ्रमण किया। रैली में पलामू प्रमंडल से 80 एनसीसी कैडेट्स (40 बालक एवं 40 बालिका) ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उनके साथ 11 की संख्या में पंजाब रेजीमेंट के आर्मी, बटालियन के पदाधिकारी, यातायात प्रभारी शामिल थे। रैली की शुरूआत सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला स्कूल से हुई।




इसके बाद छहमुहान, कचहरी चौक होते हुए रेडमा चौक तक गई और वहां से पुनः सीएम स्कूल लौटकर रैली का समापन हुआ। पूरे मार्ग में कैडेट्स ने नारे लगाकर और लोगों से संवाद करके सड़क सुरक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम का नेतृत्व मेदिनीनगर के ट्रैफिक प्रभारी एएसआई समाल अहमद ने किया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर यह रैली निकाली गयी।

उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं करने पर फाइन करना उनका उद्देश्य नहीं, बल्कि लोगों को उनकी जान की कीमत के प्रति जागरूक करना है। रैली के क्रम में उन्होंने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। मौके पर कैडेट्स ने कहा कि जीवन अनमोल है। वाहन चलाते समय हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। बैनर्स और स्लोगन के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रैली में सूबेदार मेजर मन्ना उरांव, हवलदार स्वरंजित सिंह एवं बरसा उरांव, एनसीसी ऑफिसर एसके दुबे, जेएस कॉलेज के केयरटेकर प्रमोद कुमार सहित अन्य शामिल थे।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान / महिला / बरवाडीह / महुआडॉड / चन्दवा, लातेहार
(Email Id- witilatehar2005@gmail.com)

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक–639 एवं पत्रांक–640 दिनांक–07.05.2025 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त लातेहार जिला के **सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला / बरवाडीह / महुआडॉड / चन्दवा, लातेहार** के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन **(https://iti.jharkhand.gov.in** Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–
क) वेल्डर, सीविंग टेक्नोलॉजी, व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

2. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
| --- | --- | --- |
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवी एवं दसवी कक्षा) का प्रकाषन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक / प्राप्तांक प्रतिषत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवी एवं दसवी कक्षा) का प्रकाषन | 21.06.2025 |

Time Schedule for 1st Round of online Counseling

| Sl No. | Activity | Date | To |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 24.06.2025 | 01.07.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04.07.2025 | 21.07.2025 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 04.07.2025 | 21.07.2025 |

Time Schedule for 2nd Round of online Counseling

| Sl No. | Activity | Date | To |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 24.07.2025 | 30.07.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04.08.2025 | 14.08.2025 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 04.08.2025 | 14.08.2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal **(https://iti.jharkhand.gov.in)** के Download Section के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता है।

ह0 / –
प्रभारी प्राचार्य
PR 353914 (Labour Employment and Traning)25-26*D नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,लातेहार

# खरीफ की फसल की बुवाई से पहले एमएसपी की घोषणा अच्छा कदम

केन्द्र सरकार की खरीफ फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा धरती पुत्रों के फायदे के लिए लिए अच्छा कदम है। खरीफ की बुवाई से पहले की गई इस घोषणा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार भविष्य की रणनीति के तहत आवश्यकतानुसार उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार ने श्रीअन्न को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास कर अब देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास कर रही है। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में रामतिल के भाव में सर्वाधिक 820 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए इसे 9537 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। तिल की एमएसपी में 579 रुपये, सोयाबीन में 436 रुपये, सूरजमुखी में 441 रुपये और मूंगफली की एमएसपी में 480 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उड़द में 400 रुपये तो मूंग की एमएसपी में 86 रुपये और अरहर की एमएसपी में 450 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दर में भी बढ़ोतरी की गई है। जहां तक एमएसपी दर की घोषणा की बात है सरकार की इच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा। किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। अब किसान नेताओं का कहना है कि सरकार एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। एफसीआई और नैफेड एमएसपी खरीद की नोडल एजेंसी हैं। कपास की खरीद सीसीआई करती है। एफसीआई व नैफेड की खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती हैं। खरीद व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था की गई है। पर कहीं ना कहीं व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यूं समझा जा सकता है कि एक समय था जब सरकारी खरीद शुरू होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मंडियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ना तो किसानों की नाराजगी रहती थी और ना ही अन्य कोई समस्या आती थी। ठीक इसके उलट आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है। इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार किसी ना किसी बहाने टालती रहती है क्योंकि बाजरा की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है।सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है। दूसरी ओर व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलिये इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते हैं। कहीं कहीं तो खरीद केन्द्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है। इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आढ़तियों की मौज रहती है। हालांकि इसे व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार करती है उन फसलों के तैयार होकर मंडियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश

**के.के. जोशी**

मध्य प्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता ₹हम होंगे कामयाब अभियान₹ चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया।

मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है।

यहां बात यदि नारी सुरक्षा की हो तो राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। 'महिला हेल्पलाइन' और 'महिला पुलिस स्टेशन' जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है। कहना होगा कि एक मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

इस मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों को स्टार्ट-अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। आज सैनिटेशन और हाइजीन योजना के तहत प्रदेश की 19 लाख से अधिक बालिकाओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है जिससे किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। यूनिसेफ ने भी मध्यप्रदेश के इन प्रयासों की सराहना की है।

स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मध्यप्रदेश में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उदाहरण के लिए, स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब स्थानीय स्तर पर उत्पादक संगठनों के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। महिलाओं के लिए 35% सरकारी नौकरियों में आरक्षण और निकाय चुनावों में 50% आरक्षण जैसे कदमों ने उनकी भागीदारी को और बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, जेंडर बजट में 19,021 करोड़ रुपये की वृद्धि और महिला सशक्तिकरण के लिए 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हुए महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। अहिल्या बाई ने महेश्वर से शासन चलाते हुए महिलाओं को साड़ी बुनाई जैसे कौशलों से जोड़ा, जिससे महेश्वरी साड़ियां विश्व प्रसिद्ध हुईं। इसी तरह, डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्रयास मध्यप्रदेश को नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे कृषि, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि नारी शक्ति मिशन के तहत हर जिले की महिलाओं को सशक्तिकरण की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उनका मानना है कि यदि नारी सशक्त होगी, तो समाज और प्रदेश स्वतः सशक्त होगा। सरकार का लक्ष्य 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित भारत के साथ एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है, जिसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनका मानना है कि समाज में महिलाओं को समान अवसर देना न केवल उनके विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।उनका कहना है कि नारी शक्ति मिशन हमारे इस दृष्टिकोण का विस्तार है जिसमें हर जिले से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है।

# मोदी सरकार के आय-व्यय को कैसे झुठलाएगी कांग्रेस? एमएसपी पर पकड़ा गया झूठ

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कांग्रेस ने धान और दालों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करने की मोदी सरकार की घोषणा के बाद आरोप लगाया कि किसानों के साथ धोखा किया गया। मोदी सरकार एमएसपी पर 'सी2+50 प्रतिशत' देने की बात कर रही है। एमएसपी स्वामीनाथन आयोग द्वारा अनुशंसित लागत (सी2) प्लस 50 प्रतिशत (लागत और 50 प्रतिशत मुनाफा) फामूर्ले से काफी कम है। मोदी सरकार ने किसान और खेती पर घात लगाकर हमला किया है। जुमले का व्यापार है, वादों की घोषणा है, योजनाओं का अंबार है और किसानों में हाहाकार है। उचित समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं हो रही है। एमएसपी का मतलब अब 'मैक्सिमम सफरिंग फॉर प्रोड्यूसर्स' (उत्पादकों के लिए अधिकतम पीड़ा) है। मोदी सरकार द्वारा खेती की योजनाओं के लिए आवंटित तीन लाख करोड़ रुपये तक खर्च ही नहीं किए गए। थोड़ी देर के लिए कांग्रेस के जारी प्रेस वक्तव्य को पढ़कर मान भी लें कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के साथ बहुत नाइंसाफी कर रखी है, किंतु क्या यह आरोप, तथ्यों के आधार पर ठहर पाएगा? क्योंकि केंद्र या राज्य में सरकार किसी भी दल की रहे, हर दल सत्ता में रहते हुए प्रति वर्ष अपना बजट प्रस्तुत करता है और समय-समय पर आवश्यकतानुसार योजनाओं का निर्माण करने के साथ उन्हें लागू करता है। फिर यदि बीच में जैसी जरूरत आन पड़ती है, तो उस के अनुसार अपने नवाचार करता है। स्वभाविक है, यह सब करते वक्त एक बजट का निर्धारण जो जरूरी है, होता है। उसके अनुसार विस्तार से उस विषय का आकलन किया जाता है और फिर पूरी योजना बनाकर कार्य को धरातल पर उतारने के लिए प्रयास शुरू होते हैं।

बस, यहीं कांग्रेस जल्दबाजी में दिखती है। लगता है जैसे उसे बिना सही तथ्य जाने ही केंद्र की मोदी सरकार पर अटैक करने की जल्दी है। जैसे युद्ध में भ्रम में डालकर उसे जीतने का प्रयास होता है, वैसे ही झूठ की सीढ़ियों पर चढ़कर, भ्रम फैलाकर, अत्य के आधार पर कांग्रेस किसी भी कीमत पर सत्ता में आ जाना चाहती है। इसलिए लगातार देखने में आ रहा है कि वह मोदी सरकार को लेकर हर दिन नए झूठ गढ़ रही है। वस्तुतः यहां ₹न्यूनतम समर्थन मूल्य₹ (एमएसपी) का मामला भी ऐसा ही नजर आ रहा है। क्योंकि केंद्र के आंकड़े जोकि सार्वजनिक भी हैं और कई रिपोर्ट्स में प्रकाशित भी हो चुके हैं। वे दोनों ही सरकारों (मोदी-मनमोहन) के बीच सत्ता में रहते हुए किसानों को दी गई एमएसपी पर सभी सच आज बाहर निकाल कर ला चुके हैं।

अब इस ओर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सभी का ध्यान आकृष्ट किया है और आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए स्पष्ट बताया है कि कैसे कांग्रेस की सरकारें सत्ता में रहकर देश के अन्नदाताओं के साथ छल करती रहीं। आंकड़ा यह है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत किसानों को 23 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार रही है, जिसने कि अपने 10 साल के कार्यकाल में महज 7 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। यानी कि मोदी सरकार की मनमोहन सरकार से एमएसपी मुद्दे पर ही तुलना की जाए तो यह साफ हो रहा है कि 16 लाख करोड़ रुपये वर्तमान की भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए किसानों को दिए हैं।

वास्तव में तुलनात्मक रूप से यह कोई छोटा आंकड़ा नहीं है। बहुत बड़ा अंतर स्पष्ट तौर पर दोनों सरकारों के कार्यकाल के दौरान बढ़ा हुआ साफ दिखाई देता है। कोई यह भी तर्क कर सकता है कि पिछले 10 सालों में सिंचाई सुविधाओं में अपार वृद्धि हुई है, संसाधन भी बढ़े हैं, स्वभाविक है इसके कारण पैदावार भी बढ़ी है, पहले पैदावार कम रही तो एमएसपी भी कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने कम दी। तब इस प्रश्न का उत्तर अपने आप सामने आ जाता है कि आखिर जिस अन्नदाता की पैदावार अधिक हो और उसे अधिक लाभ खेती के माध्यम से हो, जैसा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज सिंह चौहान कहा करते थे कि मैं कृषि को लाभ का धंधा बनाकर रहूंगा।

देखा जाए तो बहुत हद तक वे अपने राज्य में, अपने शासन के दौरान सफल भी रहे हैं। वैसे ही आज सभी इस प्रकरण को समझ सकते हैं। ज्यादा उत्पादन होने पर अधिक एमएसपी का भुगतान। स्वभाविक है, अधिक लाभ भी किसान को ही मिलेगा, सो मिला भी है। तभी तो ये सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि डॉ. मनमोहन सरकार की तुलना में मोदी सरकार ने केंद्र में रहते हुए तीन गुना से अधिक एमएसपी अपने देश के अन्नदाताओं को दी है।

वस्तुतः केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विपक्षी दल पर झूठ बोलने और किसानों को गुमराह करने का आरोप सही लगा रहे हैं। क्योंकि जमीन पर भाजपा नीत केंद्र सरकार ने किसानों के लिए हर मोर्चे पर ऐतिहासिक काम किया है, चाहे वह एमएसपी हो या उनकी आय बढ़ाना हो या खेती में नई तकनीक और विविधता लाना हो। मोदी सरकार के कार्यकाल में दलहन, तिलहन और कपास की कीमतों में कई गुना वृद्धि हुई है। दोनों ही सरकार के आंकड़े इस संदर्भ में देखे जा सकते हैं। ऐसे में शिवराज सिंह चौहान का यह कहना सच ही नजर आता है कि मोदी सरकार एमएसपी सहित किसानों के लिए पारिश्रमिक की पूरी प्रणाली को मजबूत कर रही है।

केंद्र सरकार के आंकड़े और उसके आधार पर केंद्रीय मंत्री चौहान का दावा यही कहता है कि कांग्रेस शासन के दौरान सभी फसलों के लिए एमएसपी लागत से नाममात्र अधिक थी, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में ऐतिहासिक निर्णय करते हुए 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों की कीमतों में वृद्धि की है, जिससे किसानों की कृषि लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित होगी। फिर कृषि मंत्री ने दिए गए एक उदाहरण से भी इसे समझा जाए तो 2013-14 में धान का एमएसपी 1,310 रुपए प्रति क्विंटल था जो अब 2,369 रुपये है। वर्तमान समय में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, केंद्र ने 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान के एमएसपी को 3 प्रतिशत (69 रुपये) बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया और दलहन और तिलहन की दरों में 9 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

सभी फसलों के एमएसपी को देश भर में औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना सुनिश्चित करके बढ़ाया गया है। इसमें भी दृष्टि डालें तो पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड (820 रुपये प्रति क्विंटल) के लिए की गई है, इसके बाद रागी (596 रुपये प्रति क्विंटल), कपास (589 रुपये प्रति क्विंटल) और तिल (579 रुपये प्रति क्विंटल) का स्थान है। यहां केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वक्तव्य भी समझने योग्य है, वे कहते हैं कि इस उपाय का उद्देश्य किसानों के लिए लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करना और कृषि समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। यह वृद्धि न केवल किसानों की आय को बढ़ाएगी और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि ग्रामीण आर्थिक स्थिरता और खाद्य सुरक्षा में भी योगदान देगी।

वास्तव में केंद्र सरकार का एमएसपी बढ़ा देने का निर्णय सुनिश्चित मूल्य समर्थन प्रदान करके कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करेगा और बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशीलता को भी कम करेगा। यह किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया गया कदम है। अब कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक पार्टियों को स्वागत करना चाहिए न कि विरोध।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7446

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7445 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# विश्व धूम्रपान निषेध दिवस : धीमा जहर है यह, छोड़ दीजिए

**श्वेता गोयल**

बचपन से पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और शरीर में कैंसर व कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं। बावजूद इसके लोग इस धीमे जहर का प्रयोग छोड़ नहीं पाते। हालात इस कदर खराब हैं कि किशोरवय पीढ़ी धूम्रपान और विभिन्न तंबाकू उत्पादों की चपेट में है। यह स्थिति काफी चिंताजनक होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मन मस्तिष्क में कुछ गलत धारणाएं घर कर गई हैं कि धूम्रपान करने से चुस्ती-फुर्ती आती है। मानसिक तनाव कम होता है। व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे लोग समझना ही नहीं चाहते कि यह भ्रांति है। ऐसा कुछ नहीं होता। वास्तविकता यह है कि धूम्रपान ऐसा धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेल देता है।

धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'अपील का पदार्फाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है।

गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से वहां की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना अधिक है। एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।


एक आकलन है कि सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्र ज्योति कम होती जाती है। गर्भवती महिलाओं के धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों में माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरुष और 21 फीसदी महिलाएं धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है।

जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचत नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे। बहरहाल, तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधों का एक स्वर में यही कहना है कि धूम्रपान एक अत्यंत धीमा किन्तु प्राणघातक विष है। इसलिए स्वयं तो धूम्रपान से बचें ही, धूम्रपान के आदी लोगों को भी इस लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

## दैनिक पंचांग

**31 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | कर्क में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.17 बजे से |
| कर्क | 08.31 बजे से |
| सिंह | 10.47 बजे से |
| कन्या | 12.59 बजे से |
| तुला | 15.09 बजे से |
| वृश्चिक | 17.24 ब.से |
| धनु | 19.40 बजे से |
| मकर | 21.45 बजे से |
| कुंभ | 23.32 बजे से |
| मीन | 01.04 बजे से |
| मेष | 02.35 बजे से |
| वृष | 04.15 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 151 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 20.16 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 21.08 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 10.43 बजे को समाप्त।
**करण** बव 08.43 बजे तदनन्तर बालव 20.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872361
**जूलियन दिन** 2460826.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 03
**विशेष** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सदानंद पांडेय के निधन से पार्टी बड़ी नुकसान : भागीरथ

**कोडरमा** : कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष सदानंद पांडेय का आकस्मिक निधन उनके निवास स्थान मधुबन डोमचांच में सुबह 11:00 हो गया सूचना पाते हैं जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान समेत जिला के सभी नेता कार्यकर्ताओ ने गहरा शोक संवेदना प्रगट किया। पार्टी जिलाध्यक्ष ने कहा की कांग्रेस पार्टी के एक सच्चे सिपाही के रूप में कार्य कर रहे सेवादल के अध्यक्ष का आकस्मिक निधन से पार्टी को एक बड़ी नुकसान हुई है। शोक प्रकट करने वाले में पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, 20 सूत्री के उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, वरिया जिला उपाध्यक्ष चंद्रभूषण साहू, राजेंद्र जयसवाल, प्रदीप सिंह, राम लखन पासवान, नागेश्वर राम, मनोज सहाय, पिंकू, फैयाज, अब्बू, केसर इत्यादि कांग्रेस जनों ने शोक संवेदना प्रकट किया!

### जल के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है : श्रेया

**झुमरी तिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में चल रहे निशुल्क चलंत प्याऊ मिल का पत्थर साबित हो रहा है। शुक्रवार को गर्मी की मौके पर चलंत प्याऊ के जरिए शरबत का भी वितरण किया गया, जिससे राहगीरों को पीकर संतुष्टि मिली। शहर के विभिन्न इलाकों में यह प्याऊ प्रतिदिन भ्रमण कर रहा है और इसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। प्रतिदिन लगभग इस नि:शुल्क चलंत प्याऊ के जरिए लगभग 300 से 400 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। प्रेरणा शाखा का उद्देश्य जल, जंगल और जमीन के तहत समाज सेवा किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक माह तक नि:शुल्क चलंत प्याऊ शुरू किया गया इसके अलावा जगह-जगह पर अस्थाई प्याऊ एवं 7 स्थलों पर स्थाई अमृतधारा (वॉटर कूलर)के जरिए भी पेयजल राहगीरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इधर मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय मंडल? 1 सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा की प्रेरणा शाखा का यह कार्य काफी सराहनीय है। नि:शुल्क चलंत प्याऊ के लिए प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा व सचिव आकृति चौधरी एवं परियोजना निदेशक नेहा जैन और रश्मि गुटगुटिया को बधाई देती हूं ,और भविष्य में भी समाज सेवा करने और बेहतर कार्य करने की अपील करती हूं। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है ।जल का उपयोग पीने, खाना पकाने, सफाई ,खेती और उद्योग में भी आता है। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी प्रत्येक नागरिक को सोचने की आवश्यकता है।

### युवाओं का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है : मुकेश तनेजा

**झुमरी तिलैया** : रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में युवा सम्मान समारोह का आयोजन रोटरी सभागार में किया गया जिसमें खेल कला संस्कृति के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवाओं और उनके प्रशिक्षक को सम्मानित किया गया आज के कार्यक्रम में रांची से आए सत्र 27 -28 रोटरी 3250 के मंडलाध्यक्ष मुकेश तनेजा जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई सर्वप्रथम राष्ट्रगान से सभा की शुरूआत हुई मंच पर मौजूद सभी अतिथि पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलन में भाग लिया अध्यक्ष अमित कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी शिल्पी गुप्ता ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट किया कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप सिन्हा सिमरनजीत सिंह ने विशिष्ट अतिथि पिंकी जैन को पुष्प गुच्छ भेंट किया मंच संचालन सचिव प्रवीण वर्णवाल ने किया ।

# पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट चलाने वाले नौ आरोपी का किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की कोडरमा जिला के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मिटको कॉलोनी मे एक किराए के मकान में ऑनलाइन सट्टेबाजी का अवैध धंधा संचालित किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु०नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मिटको कॉलोनी के किराए के मकान मे छापामारी की गई। छापामारी के दौरान मौके से ऑनलाइन सट्टेबाजी में संलिप्त नौं (09) अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। गठित टीम के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तो से पुछताछ एवं जांच करने पर ज्ञात हुआ की इनलोगों के द्वारा रेडी एप के माध्यम से विभिन्न गेम (आईपीएल क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, केसिनो) खेलते एंव खिलवाते है, साथ ही 11X प्ले तथा क्रिकबेट99 के आईडी के माध्यम से गेम खेलने वाले इच्छुक व्यक्ति का यूजर आईडी एवं पासवार्ड बनाकर उस व्यक्ति को उपलब्ध कराया जाता हैं। उस व्यक्ति से अपने पास मौजुद भिन्न-भिन्न खाता पर पैसा मंगवा कर पैसे के एवज में ऑनलाईन क्वाईन उसके आईडी पर उपलब्ध कराते है। गेम खेलने वाला व्यक्ति अपने आईडी पर प्राप्त क्वाईन के माध्यम से गेम खेलता है। जीत की स्थिति में उन्हें ऑनलाइन मोड़ में राशि ट्रांसफर की जाती हैं। गहनटा से पुछताछ करने पर ज्ञात हुआ की जिस व्यक्ति के नाम से भिन्न भिन्न बैंक का पासबुक, चेक बुक, एटीएम उपलब्ध है। वह सभी दस्तावेज को छेड़छाड कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक में खाता खौला गया है। जबतक बैंक को यह बात पता चलता है, तबतक पकड़ाये व्यक्तियो के द्वारा बैंक से ट्रांजेक्शन कर पैसा निकासी कर लेते है। बैंक के द्वारा इनके के पास उपलब्ध खाता में ट्रजेक्शन देखकर खाता को बन्द कर दिया जाता हैं। सभी गिरफ्तार अभियक्तो के पास से कई मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, ए०टी०एम० लैपटॉप, स्कैनर, स्वैप मशीन एवं अन्य तकनीकी उपकरण जप्त किया गया है, जिनका उपयोग ऑनलाइन सट्टेबाजी संचालन में किया जा रहा था। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 173 / 25 दिनांक-30.05.2025, धारा- 338 / 336 (3)/340 (2) / 292 / 61 (2) बी0एन0एस0 एवं 7 लौटरी रेगुलेशन एक्ट एक्ट एवं 66 (बी) 66 (सी) आईटी एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रव रही है।

**गिरफ्तार लोगों के नाम** - समिर आलम, उम्र 26 वर्ष, पिता मंजुर आलम, सा व थाना महुदा, जिला- धनबाद झारखण्ड, रौनक कुमा कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता- रंजन कुमार, सा०- रजौली बजरंगबली चौक, थाना- रौजली, जिला- नवादा बिहार, अमित कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता-श्यामबाबु सिंह, सा०- मिरगंज, थाना- आरा टाउन, जिला- आरा बिहार, प्रिंस कुमार, उम्र 32 वर्ष, पिता- बाल्मिकी प्रसाद सिंह, सा० व थाना महुदा, जिला- धनबाद झारखण्ड, जितेन्द्र कुमार सिंह, उम्र 43 वर्ष, पिता- ध्रुव नारायण सिंह, सा०- रामपुर दिगरा, थाना- मनेर, जिला- पटना बिहार, मनीष कुमार, उम्र 32 वर्ष, पिता- राजदेव राय, सा०- महुदीनगर, थाना व जिला- समस्तीपुर बिहार, कुणाल सिंह, उम्र 22 वर्ष, पिता- कुन्दन लाल, सा०- सादिकपुर पश्चिम दरवाजा, थाना- कांचकला, जिला- पटना बिहार, कुलेनद्र कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता- श्रीकांत सिंह, सा०- चोमार, थाना- टनकुपा, जिला- गया बिहार, विक्की कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता- गोविन्द प्रसाद, सा0 आरा चौक, थाना- नगर, जिला-भोजपुर बिहार के नाम हैं। छापामारी दल में पु०नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना, पु०अ०नि० महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना, पैंथर एवं सशस्त्र बल, तिलैया थाना शामिल थे।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जयनगर प्रखंड के नईटांड़ पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप एल.ए.डी.सी.एस कोडरमा के अधिवक्ता अश्विनी शरण एवं पैनल अधिवक्ता जय गोपाल शर्मा मौजूद थे। वही चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अश्विनी शरण एवं गोपाल शर्मा ने कहा कि आज के समय में कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के अभाव से न्याय से वंचित नहीं हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले लोगों को जागरूक होना पड़ेगा तभी उनको कानून की जानकारी हो पाएगी। चोरी छुपे आज भी बाल विवाह, डायन बिसाही, यौन शोषण जैसे कुरीतियां देखने को मिलती है इसके लिए कानून में कठोर सजा का प्रावधान है अगर इस तरह का घटना देखने को मिलता है तो इसकी तत्काल ताकि घटना में शामिल लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई हो सके। वही कार्यक्रम का संचालन पीएलवी शिवकुमार मोदी एवं पंचायत सचिव देवनारायण गोप ने धन्यवाद ज्ञापन किया किया। मौके पर जयनगर चिकित्सा प्रभारी डॉ.शालिनी कौशल, मुखिया किशोर साव, पंचायत समिति प्रतिनिधि इरशाद आलम रोजगार सेवक धीरज यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर पीएलवी दिनेश कुमार रजक, सपना कुमारी जेएसएलपीएस के महिला मंडल की दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पोषण सखी, सहिया दीदी सभी वार्ड सदस्य सम्मानित लोग एवं एवं सैकड़ो संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय समेकित समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

# बीडीओ ने बिरसा हरित-आम बागवानी एवं अन्य योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के दिये निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर** : जयनगर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समेकित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, कृषि एवं कल्याण पदाधिकारी, आवास समन्वयक, पंचायती राज समन्वयक, आकांक्षी प्रखंड फेलो सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित योजना के अंतर्गत आम बागवानी गड्ढा खोदो अभियान की प्रगति पर विशेष बल दिया। उन्होंने एक-एक बागवानी की समीक्षा करते हुए योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता देने तथा समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (2023-24) एवं अबुआ आवास योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई, और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्यों की गुणवत्तापूर्ण पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुस्तक ज्ञान केंद्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन, पंचायत सहायकों की समय-सारणी एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के तहत जागरूकता बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर** : प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के सभी मुखिया, जलसहिया एवं पंचायत सेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। मासिक धर्म, महिला स्वच्छता एवं यौन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर संवाद स्थापित करना और समाज में व्याप्त चुप्पी को समाप्त करना। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, जल-जीवन मिशन और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में बताया गया कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म और महिला स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात नहीं की जाती, जिससे महिलाओं और किशोरियों को न केवल असुविधा होती है, बल्कि कई बार गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती हैं। बीडीओ गौतम कुमार ने कहा, मुखिया, जलसहिया और पंचायत सेवक समाज के बीच सेतु का काम करते हैं। यदि वे अपने स्तर पर जागरूकता लाएं, तो हम इन सामाजिक वर्जनाओं को जड़ से खत्म कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की प्रतिनिधि ने मासिक धर्म स्वच्छता के वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि सेनिटरी नैपकिन का नियमित उपयोग, साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित निपटान प्रणाली महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन में सीट बेल्ट एवं हेलमेट का करें प्रयोग : थाना प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने थाना क्षेत्र के ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि आए दिन जिस तरह से सड़क दुर्घटना में वृद्धि हो रही है जो चिंताजनक है। उन्होंने उन अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि जो अपने नाबालिक बच्चों को मोटर साईकिल चलाने के लिए देते हैं उसपर रोक लगाए। उन्होंने मोटर साईकिल चालकों तथा चारपहिया वाहन चालकों को यह भी कहा कि यातायात के नियमों का पालन जरूर करे। हेलमेट लगाकर चले, तेज रफ्तार वाहन ना चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें।सीट बेल्ट का प्रयोग करें, अनावश्यक रूप से बड़ी वाहन को जहा तहां सड़क के किनारे खड़ा ना करें, सुरक्षित वाहन चलाए, टेम्पु या फिर सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक ओवर लोड लेकर ना चले।

# अवैध कोयले की कारोबार पर अंकुश लगाना नए डीसी का बना चुनौती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिला के वेस्ट बोकारो, मांडू, कुज्जू, रजरप्पा सहित अन्य क्षेत्र से व्यापक पैमाने अवैध खुले की तस्करी खुले आम की जा रही है। तत्कालीन जिला उपयुक्त चंदन कुमार द्वारा अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगाए जाने को लेकर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया था। ताकि अवैध कोयले की तस्करी करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। कोयल की तस्करी करने वाले व जिला प्रशासन के अधिकारियों की मिलीभगत होने से जिला उपज द्वारा किए जा रहे हैं प्रयास सफल होता हुआ देखा जा रहा है। कोयला के अवैध खेल में क्षेत्र के विनोद, मनोज, अभिषेक, अनिकेत, संजू, दीपक मुस्तफा, पहाड़ी अंसारी ( काल्पनिक नाम) शामिल होने की बात कही जाती है। राज्य सरकार द्वारा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने को लेकर व्यापक पैमाने पर प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला की गई है। इसी कड़ी में रामगढ़ के तत्कालीन उपायुक्त चंदन कुमार का स्थानांतरण करते हुए फैज अक अहमद मुमताज को रामगढ़ जिले क्या जिम्मेदारी सौंप गई है। जिनके सामने अवैध कोयला पर अंकुश लगाना एक चुनौती बना हुआ है। कोयले के अवैध कारोबार करने वाले लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर माइंस खोल दी गई है। जिन माइनस से खुले आम पूरा निकाल कर विभिन्न राज्यों में भेजा जा रहा है। ऐसा नहीं है कि अवैध कोयले के कारोबार के संबंध में पुलिस प्रशासन की जानकारी नहीं है। रामगढ़ जिला के पुलिस प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद कोयले की अवैध कारोबार करने वाले लोगों पर अंकुश नहीं लगाया जाना समझ परे हैं। जानकारों का माने तो इस अवैध कोयले के कारोबार में जिले के विभिन्न थाना में निश्चित चढ़ावा देकर एंट्री कराई जाती है। इसके बाद अवैध कोयला निकल जाने को लेकर पासिंग दिया जाता है। मांडू अंचल के वेस्ट बोकारो, मांडू, कुज्जू ओपी, रजरप्पा क्षेत्र से कोयले का अवैध खनन और कारोबार जोरों से चल रहा है' रोजाना इन क्षेत्रों से सैकड़ो छोटे बड़े वाहनों से अवैध कोयला का तस्करी किया जा रहा है। अवैध खोल की तस्करी किए जाने को लेकर रजरप्पा थाना के अंतर्गत पड़ने वाले भूचगडीह खदान में आग लग जाने के कारण क्षेत्र की अस्तित्व मिटने की कगार पर पहुंच चुकी है। आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति की भी मौत हो गई है। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अवैध कोयले की कारोबार पर अंकुश लगाने में सफल हो रहे हैं।

### टास्क फोर्स की उड़ रही है धज्जियां, रात-दिन अवैध बालू की होती है ढुलाई

**भुरकुंडा** : भुरकुंडा एवं भदानीनगर ओपी थाना क्षेत्र चोरघरा पंचायत अंतर्गत लपंगा दामोदर नदी से हो रही है, रात दिन अवैध बालू की तस्करी, बालू की तस्करी करने में स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय बालू माफियाओं के द्वारा टीम बनाकर की जाती है, बालू की अवैध ढुलाई। लपंगा के नदी घाट से जंगल के बीच से रास्ते बनाकर प्रति दिन अवैध बालू ट्रैक्टरों से आस पास के क्षेत्रों में लोगों को 3500 से 4000 रुपए प्रति ट्रैक्टर महंगी दामों में बेची जा रही है। बालू के अवैध खेल में क्षेत्र के दुबे, साव, अंसारी (काल्पनिक नाम) शामिल होने की बात कही जाती है। जिले में लगातार अवैध बालू एवं कोयले की तस्करी को रोक लगाने को लेकर रामगढ़ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बैठक की जाती है एवं सभी थाना क्षेत्र में टास्क फोर्स बनाकर अवैध बालू एवं कोयले की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए,रोक लगाने के लिए गाड़ियों को जब्त करने की निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कुछ थाना की आड में धड़ल्ले से मोटी कमाई करने के लिए राज्यय के विकास एवं राजस्वव के नुकसान में बड़ी भूमिका दिख रही है, एवं अवैध ढुलाई की खुली छूट दे गई है, इससे झारखंड सरकार को राजस्व की काफी नुकसान भी हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिखों के पांचवें गुरु श्री गृह अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस में शामिल हुए मनीष जायसवाल



**रामगढ़** : शहीदों के सरताज, सिख धर्म के पाँचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ अवस्थित गुरुद्वारा में आयोजित उनके शहीदी दिवस कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और यहां गुरुद्वारा में माथा टेककर उन्हें शत- शत नमन किया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने यहां कीर्तन का आनंद लिया और सामूहिक लंगर में बैठकर प्रसाद भी पाया। मौके पर रामगढ़ के सिख समाज के पदाधिकारियों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं का अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान इस गुरुद्वारा समिति द्वारा मुफ़्त दंत चिकित्सा शिविर, बुजुर्गों के लिए नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर, प्याऊ और लंगर का भी आयोजन किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने अत्याचार के विरुद्ध सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है। धर्म की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों तक समस्त मानव जाति को सच्चाई, साहस और करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। गुरुद्वारा पहुंचने से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर विशेषरूप से रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के प्रधान प्रमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, मीत प्रधान अमरजीत सिंह, हरपाल सिंह होरा, मनमोहन सिंह लम्बा, जगजीत सिंह सोनी, हैप्पी छावड़ा, परमजीत सिंह सैनी, करमजीत सिंह जग्गी, इंद्रजीत सिंह कोहली, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, प्रो संजय सिंह, रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह,जिला उपाध्यक्ष छोटन सिंह, महेंद्र प्रजापति, उमेश प्रसाद, प्रो आलोक सिंह, रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, मिथलेश मंडल, सुशांत पांडे, ब्रजेश पाठक, तरुण साव, सुमित अग्रवाल,सहित भारी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

### राधा गोविंद विवि के सभागार में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सभागार में रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली व सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी शामिल हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री जे पी पटेल,पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा व रियाज अहमद सहित जिला कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं प्रखंड के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर विभिन्न गांवों से आए हुए हजारों महिला व पुरुष ने उपस्थित होकर संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण हेतू संकल्प लिया।

### धर्मनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण कल्याणक महोत्सव का जैन समाज ने धूमधाम से मनाया



**कोडरमा** : श्री दिगंबर जैन समाज झुमरीतिलैया के नेतृत्व में परम पूज्य आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी मुनिराज ससंघ मुनि श्री108 भाव सागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद से जैन धर्म के 15 तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री धर्मनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव बहुत ही भक्ति भाव से जैन मंदिर झुमरी तिलैया में मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रात: देवाधिदेव 1008 श्री धर्म नाथ भगवान की प्रतिमा को मंदिर की परिक्रमा करते हुए मंत्रोचार के साथ पांडुक शिला पर विराजमान किया गया प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अशोक,बिनोद जैन अजमेरा को प्राप्त हुआ साथ ही बहुत ही भक्ति भाव के साथ आज आचार्य श्री के मुखारबिंद से विश्व शांति मंत्रों के द्वारा शांति धारा हुवा जिसका सौभाग्य आज के पुण्याजक समाज श्रेष्टि सुरेन्द जैन काला, प्रभात जैन के परिवार,विजय-विकाश जैन सेठी के परिवार को प्राप्त हुआ भक्ति भाव से निर्वाण लाडू श्री धर्म नाथ भगवान के चरणों में चढ़ाने का सौभाग्य श्री मति मंजू ,जुली लुहाड़िया,अशोक,मंजू ,बिनोद, अर्हम,कथान्स अजमेरा परिवार,ओर नया जैन मंदिर में प्रदीप-प्रेम जैन पांड्या के साथ समाज के सभी श्रेष्ठ जनों को प्राप्त हुआ इस अवसर पर आज आज 1008 धर्म नाथ भगवान का बहुत ही भक्ति भाव से सुबोध जैन गंगवाल के द्वारा संगीतमय पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर जैन संत आचार्य श्री भद्रबाहु महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज ज्येष्ट शुक्ल चतुर्थी के दिन देवाधिदेव 1008 श्री धर्मनाथ भगवान का निर्वाण तीर्थ राज सम्मेद शिखर के पहाड़ से सुदतवर कूट से योगनिरोध करते हुवे हुवा था उस समय से पूरे दुनिया में आज के दिन धर्मनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव बहुत ही धूमधाम भक्ति भाव के साथ सभी लोग मनाते है भगवान का निर्वाण के दिन पूजा अर्चना करने सेअनंत गुणा पूण्य मिलता है। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गौ तस्करी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक , कोडरमा के द्वारा आवैध रूप से मवेशीयों के रोकथाम हेतु निदेर्शीत किया गया। जिसके तहत पु0नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की तिलैया थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध गौ-तस्करी किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन सेवा ही लक्ष्य एवं अवाश्यक कार्रवाई हेतु तिलैया थाना प्रभारी के द्वारा छापामारी कर एक अभियुक्त को हिरासत में लिया गया। पुलिस के द्वारा कागजात मांगने पर कोई भी कागजात नही दिखाया गया, जिसके तहत उक्त अभियुक्त को एक गौवंश के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध मे तिलैय थाना कांड संख्या-172/25, दिनांक- 29 .05 .2025, धारा- 303 (2) बी0एन0एस0 एवं 12 झारखण्ड गौवशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि० दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी:-समीर अंसारी, उम्र 25 वर्ष, पिता मो0 अनवर अंसारी, सा० असनाबाद मजिद गली, थाना- तिलैया, कोडरमा पारखंड पुलि।

## एक नजर

### महिला को जहरीले सांप के काटने से इलाज के दौरान हुई मौत



साहिबगंज: गंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला को जहरीले सांप के काटने से इलाज के दौरान हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार गदाई दियारा निवासी रामजी चौधरी की पत्नी सुनिधि देवी को किसी जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। मृतका का भाई अर्जुन चौधरी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात्रि 2:00 बजे के लगभग घर में जमीन पर सोई हुई थी इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जहां परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋतुराज के देखरेख में इलाज शुरू कर दिया गया। जहां इलाज करने के दौरान सुबह 7:30 बजे उक्त महिला की मृत्यु हो गई। मृतिका अपने पीछे छः बच्चों में तीन बेटी और तीन बेटा छोड़ गई है।

### चोरों ने वेंटिलेटर व दरवाजा की कड़ी तोड़कर हजारों की चोरी

साहिबगंज/बोरियो: बोरियो मुख्य सड़क स्थित एरोलाइट फोटो स्टेट दुकान में गुरुवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने सीढ़ी पर चढ़कर वेंटीलेटर एवं दरवाजा की कड़ी तोड़कर हजारों रुपए की चोरी कर ली। ऐरोलाइट फोटो स्टेट दुकान के मालिक मो. इमरान अंसारी ने बताया कि रात में अज्ञात चोरों ने उनके दुकान के अंदर घुस कर लगभग छोटा तीन के बक्से में रखा करीब पांच हजार की चोरी कर ली है। चोरी का पता उसे सुबह दुकान खोलने पर चला। इमरान ने बताया कि उसके भाई का पैसा चोर नहीं चुरा सके। चोरी की घटना से बोरियों बाजार के दुकानदारों में भय का माहौल और सहमे हुए हैं।

### दो अलग-अलग घटना में सियार व कुत्ते के काटने से आठ लोग घायल

साहिबगंज/राजमहल: प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर गांव की गुल नूर बीबी 70 वर्षीय, कादिर मोहम्मद टोला के आफताब हुसैन के पुत्र हन्नान शेख 14 वर्षीय, कल्याण चक के मोतीलाल रविदास की पुत्री पूनम कुमारी 17 वर्षीय, बाबू ग्राम के स्वान शेख के पुत्र आरिफ शेख 12 वर्षीय, हाजी टोला के इमरान शेख 15 वर्षीय, विकोल टोला के रहमतुल्लाह 10 वर्षीय को अलग-अलग जगह पर आवारा कुत्ता ने काट कर बुरी तरह घायल कर दिया है। सभी का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के मुर्गी टोला गांव में सियार के काटने से दो व्यक्ति घायल हो गया।

# मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान दो मौसेरी बहनों की डूबने से मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



दुमका : जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित गंदरकपुर गांव में मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान तीन बहने डूब गई। इसमें उमा कुमारी(19) और पूजा कुमारी(14) दोनों की मौत हो गई है। जबकि आस्था कुमारी किसी तरह अपनी जान बचाने सफल रही। दरअसल दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रणबहियार गांव की रहने वाली है। उमा कुमारी (19) की मां जमशेदपुर में सरकारी शिक्षक है। उमा जमशेदपुर के कॉलेज में स्नातक सेमस्टर - 3 की छात्रा थी। गर्मी छुट्टी में वह अपनी मौसी के घर दुमका के गन्दरकपुर गांव आई हुई थी। शुक्रवार को वह अपनी मौसी की बहन पूजा कुमारी और उसी गांव में रहने वाले अपने मामा की बेटी आस्था कुमारी के साथ स्नान करने घर से थोड़ी दूर मयूराक्षी नदी पर बने बहराकुंडी डैम गई थी। यहां मसानजोर डैम के जल अधिग्रहित एरिया का पानी जमा रहता है। इधर जब तीनों बहनें उमा,पूजा और आस्था स्नान कर रही थी। तभी अचानक उनका पांव फिसल गया और वे गहरे पानी में डूबने लगी। काफी हाथ पांव मारने के बावजूद उमा और पूजा नदी में डूब गई। जबकि आस्था ने अपनी जान बचाई। वह दौड़ते हुए गांव पहुंची और लोगों को इस हादसे के बारे में बताया। गांव वाले आनन- फानन ने उक्त स्थान पर पहुंचे और किसी तरह दोनों युवती को बाहर निकाल कर सीधे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक हादसे की शिकार हुई पूजा कुमारी ने कुछ दिन पहले ही मैट्रिक की परीक्षा गन्दरकपुर उच्च विद्यालय से पास किया था और पूरे विद्यालय में उसका पहला स्थान था। इधर मृतका उमा कुमारी के माता - पिता घूमने के लिए गंगटोक गए हैं। उन्हें बेटी के साथ हुए इस हादसे की खबर दे दी गई है। एक साथ दो युवतियों के नदी में डूबकर हुई मौत के बाद आसपास के इलाके में शोक व्याप्त है। काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। इस पूरे मामले पर हमने शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा से बात की उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दोनों बहनों को अस्पताल ले जाया गया था।

## डीसी की अध्यक्षता में खेल एवं पर्यटन योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई अहम निर्देश जारी किए। वर्तमान में जिले में एक आवासीय बालक तथा दो डे-बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं। डीसी ने अतिरिक्त डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता को देखते हुए पुनः विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैडमिंटन खेल के उन्नयन हेतु साहेबगंज में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजने का आदेश भी दिया गया। इसके साथ ही, साहेबगंज एवं राजमहल अनुमंडल में खेल बैंक की स्थापना के बाद प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु विभाग को पत्राचार का निर्देश जारी किया गया।सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहेबगंज के गैलरी विस्तार हेतु विभाग से पुनः पत्राचार करने तथा माघी मेला की राशि की मांग को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण व उन्नयन के लिए अनाबद्ध निधि की मांग को आगामी जिला पर्यटन प्रोत्साहन समिति की बैठक में रखने और विभाग को प्रस्ताव भेजने को कहा गया।स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों की स्मृति में साहेबगंज मुख्यालय में ह्लअमर जवान ज्योति स्थलह्व निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे भी अगली डीटीपीसी बैठक में रखने का निर्देश दिया गया।

## जिला कौशल पदाधिकारी ने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



पाकुड़ : ज़िले में शुक्रवार को जिला कौशल पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कौशल केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (जेएसडीएम) के निदेर्शानुसार सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पाकुड़ स्थित दूरदर्शी ज्ञान कौशल केन्द्र के मैनेजर वसीम को क्लास रूम का लाइव स्ट्रेचिंग सही करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर स्थित निष्ठा कौशल केन्द्र के सेंटर मैनेजर को छात्रावास एवं प्रशिक्षण केन्द्र में उचित स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि जिले में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा तीन कौशल केन्द्र चलाए जा रहे है, इसमें रहना, खाना बिल्कुल निःशुल्क है। इसमें अभ्यर्थियों को किसी प्रकर की फीस नही देनी पड़ती। उन्हें ड्रेस एवं पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इसमें कई प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं यथा नर्सिंग, सिलाई, कम्प्यूटर। उन्होंने पाकुड़ के छात्र-छात्राओं से इन कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकित होकर हुनरमंद बनने एवं रोजगार प्राप्त करने की अपील की।

## कुकडू में प्रखंड स्तरीय स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कुकड़ु : शुक्रवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, स्वास्थ्य सहियाएं और प्रखंड क्षेत्र की किशोरियां उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हीमोग्लोबिन की जांच की गई और आयरन टेबलेट का वितरण भी किया गया। साथ ही, निजी स्वच्छता और आयरन युक्त भोजन लेने की सलाह दी गई। प्रखंड स्तरीय इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। किशोरियों को प्रोत्साहित करने, स्वच्छता से संबंधित उचित जानकारी देने, रोल मॉडल किशोरियों को चिह्नित कर सम्मानित करने और किशोरी किट वितरित करने जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका मीनाक्षी पांडेय, आकांक्षी प्रखंड कॉर्डिनेटर सागर कुमार, डॉ. प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस अभियान के दौरान सखी मंडल की दीदियों को सोशल मीडिया से जोड़ने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बरहरवा : झारखंड राज्य आजीविका मिशन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार-प्रसार हेतु शुक्रवार को बरहरवा जेएसएलपीएस प्रखंड सभागार में एक विशेष अभियान का आयोजन बीपीएम फैज आलम की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सखी मंडलों से जुड़ी प्रेरक कहानियों, सरकारी योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को आम लोगों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सखी मंडल की महिलाओं को बताया गया कि वे किस प्रकार इन माध्यमों से अन्य महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों से सीख ले सकती हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम ने उपस्थित सखी मंडल की दीदियों और अन्य प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि, ₹जेएसएलपीएस के सोशल मीडिया चैनल्स पर जुड़ने से न केवल जानकारी मिलेगी, बल्कि यह एक ऐसा मंच भी है जहाँ महिलाएं अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जेएसएलपीएस के सोशल मीडिया चैनल्स को फॉलो और सब्सक्राइब करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे नवीनतम जानकारियों और सरकारी प्रयासों से जुड़े रह सकें। यह अभियान ह्लसशक्त महिला, समृद्ध झारखंडह्व के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस अवसर पर जिला प्रबंधक एफआईएच ए मिश्रा, सामुदायिक कैडर एवं दर्जनों सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी।

## सड़क वं जल निकासी की समस्या दूर करने को लेकर ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मंडरो प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा सोरेन व उज्जवल भगत ने शुक्रवार को साहिबगंज डीसी को पत्र लिखकर मिजाचौकी गांव में खराब सड़क एवं जल निकासी की समस्या दूर करने की मांग की है। उधर डीसी को दिए गए पत्र की एक कॉपी मुख्य सचिव रांची, उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग एवं पथ प्रमंडल को भी भेजा है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने जिक्र किया है कि जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत महादेवरण पंचायत के मिजाचौकी गांव के स्थानीय लोग सड़क की गंभीर समस्या को लेकर वर्षों से जूझ रहे हैं। जहां मिजाचौकी गांव जिसकी आसपास की जनसंख्या लगभग 1.5 लाख है और जहाँ से हजारों लोग प्रतिदिन मिजाचौकी रेलवे स्टेशन की ओर आवागमन करते हैं परंतु विगत लगभग 12 वर्षों से गांव की सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। वही सड़कें पूरी तरह से टूटी फूटी हैं और उन पर जलजमाव हो जाता है जिससे कीचड़ और गंदगी फैल जाती है। इसके अतिरिक्त, नालियों की हालत भी अत्यंत खराब है जहां नालियों का पानी अक्सर ओवरफ्लो होकर लोगों के दुकानों और घरों के अंदर तक चला जाता है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की प्रबल संभावना बनी रहती है। आगे बताया कि गांव में सभी समुदायों के लोग निवास करते हैं और सभी को इस समस्या के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वही उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा पहले भी कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत की जा चुकी है परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## मॉडल कॉलेज में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



राजमहल : मॉडल कॉलेज, राजमहल में आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पत्रकारिता के मूल्यों, इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और सामाजिक उत्तरदायित्व से अवगत कराना था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. सिंह ने हिंदी पत्रकारिता के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे 1826 में 'उदंत मार्तंड' के प्रकाशन के साथ हिंदी पत्रकारिता की नींव पड़ी थी। उन्होंने वर्तमान समय में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसमें आ रहे व्यावसायिक प्रभावों पर चिंता जताते हुए कहा, ₹पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज का मार्गदर्शक बनकर कार्य करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पत्रकारिता सत्य, निष्पक्षता और समाजहित के मूल्यों को आत्मसात करे।₹कार्यक्रम को और अधिक सामयिक और संवेदनशील बनाते हुए, प्राचार्य डॉ. सिंह ने नशा मुक्ति की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों को विशेष संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि युवा मन को भी खोखला कर देता है। यदि राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बनाना है, तो हमें युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से बचाना होगा। कॉलेज का यह दायित्व बनता है कि वह अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना से भी समृद्ध करे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में नशा मुक्त रहने की शपथ लें और अपने आसपास के समाज में भी जागरूकता फैलाएं। हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉ. अमित कुमार ने पत्रकारिता और संप्रेषण के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पत्रकारिता को जनसंचार का प्रभावी माध्यम बताते हुए उसके दायित्वों की चर्चा की। वहीं, डॉ. रमजान अली ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि पत्रकारिता हमारे लोकतंत्र का अघोषित चौथा स्तंभ है। एक सजग और संवेदनशील पत्रकार समाज को दिशा देने में सक्षम होता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक प्रतिबद्धता को सर्वोपरि रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा के किसान मित्रो गए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



पटमदा : पटमदा प्रखंड के सभी किसान मित्रो ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओर प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपते हुए किसान मित्र प्रदेश कमिटी के निर्देश पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की सूचना दी है। जानकारी देते हुए किसान मित्र साधु पद महतो ने बताया कि जिला कमिटी के निर्देश आने के बाद सभी किसान मित्र अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गए। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश किसान मित्र संघ के निर्देश के बाद सभी प्रखंड के किसान मित्र अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। इस दौरान कोई भी किसान मित्र विभाग का कोई भी कार्य नहीं करेंगे।ज्ञापन में किसान मित्रो के द्वारा कई माह का प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की मांग रखी है।इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालो में फनी भुषण महतो, साधु पद महतो महतो, कंचन दास, श्याम सिंह सहित सभी किसान मित्र उपस्थित थे।

### चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कुकड़ु: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सरायकेला खरसावां के तत्वाधान में शुक्रवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय सभागार में चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान का शुभारंभ कुकडू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने किया। यह अभियान 28 मई से 11 जून 2025 तक ग्राम और पंचायत स्तर पर चलेगा।अभियान की शुरुआत रेड डॉट चैलेंज के साथ हुई, जिसका उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने अधिकारियों, कर्मचारियों और जल सहियाओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने माहवारी स्वच्छता की शपथ ली और समाज में इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक श्याम चरण प्रमाणिक, बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय, आकांक्षी प्रखंड के फिलो सागर कुमार, प्रखंड समन्वयक देशबंधु महतो सहित कई जल सहिया मौजूद थी।

### 15 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 300 किलोग्राम अवैध जल मिश्रित जावा महुआ किया विनिष्ट



पाकुड़ : ज़िले में शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम ने पाकुड़ मुफ्फसिल थानान्तर्गत वेलडंगा स्थित लीली टुडु के घर में छापामारी की गई। तलाशी के क्रम में 15 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 300 किलोग्राम अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को बरामद किया गया तथा जल मिश्रित जावा महुआ को घटनास्थल पर विनिष्ट किया गया अभियुक्ति के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### पुलिस की कड़ी मेहनत एवं लगातार की जा रही गश्ती के कारण अपराधिक घटनाओं में कमी



बरहरवा : थाना क्षेत्र में पुलिस के लगातार बढ़ रही सघन गश्ती एवं थाना प्रभारी की सूझबूझ के कारण थाना क्षेत्र में हाल के महीना में अप्रिय घटना में काफी कम हुई है। कड़ी मेहनत और लगन के कारण थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज ने लगभग दो माह पूर्व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया है। क्षेत्र के आम जनता का कहना है कि थाना पुलिस की सजगता के कारण क्षेत्र में आए दिन घटने वाली चोरी की घटनाओं में एवं सभी अपराध में भी कमी आई है। शायद यही कारण है कि थाना क्षेत्र में बरहरवा प्रभाग के डीएसपी एवं इंस्पेक्टर की कार्य शैली की भी चौक चौराहा में आम जनता तारीफों की पुल बांधते दिख रहे हैं। थाना प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज किए जाने की भी लोग सराहना कर रहे हैं, अपराधियों में खौफ का हड़कंप मची हुई है।

### बालक पेड़ से गिरकर हुआ गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



साहिबगंज: बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया पहाड़ निवासी बालक अमर पहाड़िया उम्र 14 वर्षीय, पिता चंदू पहाड़िया शुक्रवार दोपहर को पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल बालक को परिजनों की मदद से आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में इलाज किया गया।वही घायल बालक अमर पहाड़िया ने बताया कि वो आम के बगीचे में आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल बालक अमर पहाड़िया के पैर में गंभीर चोट लगी है जिसका सदर अस्पताल में चिकित्सक की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# मिथिला पेंटिंग का विदेश तक बन रहा मार्केट

## महिलाएं हर महीने से 15 हजार तक कमा रहीं, फ्लिपकार्ट पर भी लोग कर रहे शॉपिंग





**समस्तीपुर।** में मिथिला पेटिंग के बारे में जो ABCD नहीं जानतीं थीं, वो आज पेंटिंग ही नहीं कर रहीं, बल्कि उसे बेच भी रही हैं। इसके बदले में अच्छी आमदनी हो रही है। पेंटिंग की डिमांड सिर्फ जिला, राज्य और देश तक नहीं फैला बल्कि विदेश तक इन पेंटिंग की मांग है। विदेश में खरीदारी करने वाले भारतीय ही होते हैं। दरअसल, 30 महिलाओं ने पेंटिंग के लिए ट्रेनिंग ली थी। प्रशिक्षण नवार्ड की ओर से आयोजित हुआ था, ट्रेनिंग के बाद से पेंटिंग की बिक्री होने लगी। नवार्ड ने अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के साथ मिलकर शहर में एक आउट लेट खोला गया। जहां लड़कियां अपना पेंटिंग देने लगीं। नए कलाकारों की पेंटिग को बेहतर पैसे मिले, इसके लिए हाल ही में फ्लिपकार्ट, मिसो से भी संपर्क किया गया है। जहां से लोग पेंटिंग ऑनलाइन खरीद रहे हैं ट्रेनिंग लेने वाली प्रेरणा ने कहा कि नवार्ड के माध्यम से ट्रेनिंग की जानकारी मिली थी। अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के साथ मिलकर ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग का अंतिम दौर चल रहा था। इसी दौरान मेरा पिता गणेश गुप्ता को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था।
घर में पैसे की जरूरत थी। तब मैंने पेटिंग बेचना शुरू किया। जिससे थोड़ी राहत मिली। इसी दौरान नवार्ड ने अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के साथ मिल कर शहर में आउट लेट खोला। जहां मैं पेंटिंग देने लगी। जिससे बाजार मिला। अब ऑनलाइन पेंटिंग देश के साथ ही विदेशों में भी बेच रही हूं। पेंटिंग की मांग कनाडा से हो रही है। जहां राम सीता, कृष्ण की पेंटिंग की कीमत 5-10 हजार रुपए मिल रहे हैं। इन्हीं रुपए से पापा का इलाज और अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल रही हूं। गायत्री बताती हैं कि 60 दिन की ट्रेनिंग के बाद मैं घर पर पेटिंग बनाने लगी। इस दौरान आउट लेट खुला तो अपनी पेटिंग यहां देने लगी। इसके साथ ही ऑन लाइन मार्केटिंग से कारोबार में विस्तार हुआ। मेरी पेटिंग यूएसए में भी बिक रही है। वहां से डॉलर में राशि मिलती है। जिस पेंटिंग की समस्तीपुर और बिहार में 2 हजार रुपए मिलते हैं यूएसए में 10 हजार तक बिक रहा है। इसी तरह नेहा प्रिया भी घर में पेंटिंग बनाकर अच्छी आमदनी कर रही है। मुस्कान ने कहा कि पेपर पर पेंटिंग के साथ ही लड़कियां अब सूट, साड़ी, गमछा, लेडीज पर्स, टोपी, कुर्ता पर भी पेंटिंग बना रही है। जिस पेंटिंग की इस समय मार्केट में ज्यादा डिमांड है। पेंटिंग को पेपर से कपड़ा पर बनाने से आय में बढ़ोतरी हुई। वहीं ऑनलाइन मार्केटिंग से कारोबार विकसित हुआ है। सबसे बड़ी बात, घर पर रहते हुए यह कारोबार लड़कियां कर रही है। अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर देव कुमार बताते हैं, 'कारोबार और विकसित हो इसके लिए कुछ कलाकारों को लखनऊ भेजा गया है। वहां वह डिजिटल माध्यम से कारोबार की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ट्रेनिंग लेकर जब वापस लौटेंगे तो उसकी ट्रेनिंग लड़कियों को दी जाएगी। जिससे उनका कारोबार और विकसित होगा। आज इस आउटलेट को स्वयंसहायता समूह को भी जोड़ा जा रहा है। सहायता समूह की महिलाएं सत्तू, अचार, जिससे अभी 50 से अधिक परिवारों की रोजी-रोटी चल रही है। साथ ही ट्रेनिंग ले चुकी लड़कियां दूसरों को पेटिंग सीखा रही है।'

# महुआ में व्यवसाय की हत्या पर चिराग पासवान का दौरा

## पीड़ित परिवार के परिजनों से की मुलाकात, दुकान में घुसकर बदमाशों ने मारी थी गोली



**वैशाली।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने वैशाली के महुआ में दिवंगत गल्ला व्यवसाय विनोद चौधरी के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा पर बोलते हुए चिराग ने कहा कि मोदी जी लोकसभा चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में बिहार शामिल है। बिहार में बड़ी योजनाएं लागू हो रही हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश तब तक विकसित नहीं होगा, जब तक बिहार विकसित नहीं होगा। डबल इंजन की सरकार विकास को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। पटना एयरपोर्ट का उद्घाटन इसी का उदाहरण है।असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांगबिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार और प्रशासन को असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एनडीए में सीट बंटवारे पर चिराग ने कहा कि यह गठबंधन की आंतरिक बात है। एनडीए के पांचों दल जल्द ही एक साथ बैठकर विधानसभा सीटों का बंटवारा तय कर लेंगे।24 मई को 3 बदमाशों ने मारी गोली दरअसल, घटना 24 मई की है। विनोद चौधरी अपने बेटे राहुल कुमार के साथ दुकान में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाश दुकान में दाखिल हुए। उन्होंने पिस्टल निकालकर लूटपाट शुरू कर दी। घायल राहुल से मोबाइल छीना गया और जब विनोद चौधरी ने रुपयों देने से इनकार किया, तो एक बदमाश ने सीने में गोली मार दी। मौके पर ही विनोद चौधरी की मौत हो गई।घायल ने एक बदमाश को पकड़ राहुल ने साहस दिखाते हुए गोली चलाने के बाद भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि मझिया गांव के सैयक्क नामक युवक ने गोली चलाई और उसे सिर्फ बाइक चलाने के लिए बुलाया गया था।

# SC-ST थाने में टीचर के खिलाफ केस दर्ज



**नालंदा।** में प्राइवेट कोचिंग संस्थान में स्टूडेंट की बेरहमी से पिटाई मामले में टीचर के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। सदर एसडीपीओ-1 नुरुल हक ने बताया कि वायल वीडियो के सत्यापन के बाद पीड़ित की पहचान की गई। स्टूडेंट के आवेदन पर अनुसूचित जाति/जनजाति थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित ने बताया, 'कोचिंग में पीछे बैठे छात्र से बहस हो गई थी। इसी बात को लेकर शिक्षक ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। डंडे से बच्चों के सामने बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया था। हाथ, सीने और पीठ में चोट लगी थी।' प्राइवेट कोचिंग संस्थान के संचालक ने मंगलवार सुबह एक स्टूडेंट की डंडे से पिटाई कर दी। टीचर ने छात्र को इतना मारा कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। छात्र के हाथ, पीठ और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। क्लासरूम में छात्र की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि क्लासरूम स्टूडेंट्स से खचाखच भरी है। कोचिंग संचालक स्टूडेंट को डंडे से पीट रहा है। संचालक छात्र के बाल पकड़कर गालियां दे रहा है और डंडे से पीट रहा है। कोचिंग का स्टाफ भी इसमें मदद कर रहा है। मामला बिहार शरीफ स्थित डाटा फिजिक्स क्लासेस का है। मारपीट करने वाले कोचिंग संचालक का नाम निर्मल कुमार है। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे पीड़ित ने बताया, 'मैं क्लास में बैठा था। इस दौरान दूसरा लड़का आया और बीच में आकर बैठ गया।

# नेपाल में सीतामढ़ी पुलिस की पिटाई नो-मेंस लैंड को पार करने पर लोगों ने पीटा



**सीतामढ़ी।** के भिट्ठा मोड़ थाना के थानाध्यक्ष रविकांत कुमार एक गंभीर विवाद में फंस गए हैं। बुधवार देर शाम वह नेपाल सीमा के नो-मैंस लैंड के उस पार चले गए थे। जहां जलेश्वर नगरपालिका क्षेत्र में उनकी कथित तौर पर अज्ञात लोगों ने पिटाई कर दी। इस घटना में उनके साथ दो अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। फिलहाल, थानाध्यक्ष को इलाज के लिए नेपाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चौरीया पीपरा गांव के पास की बताई जा रही है। मामले को लेकर शुरू में पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे रहा, लेकिन घटना सामने आने के बाद मामला तेजी से तूल पकड़ने लगा है। भारतीय पुलिस टीम कथित रूप से एक तस्कर को पकड़ने के उद्देश्य से सीमा पार नेपाल में दाखिल हुई थी। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई की नौबत आ गई। शराब तस्करी से जुड़ा विवाद या निजी मामला? इस घटना को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद किसी शराब तस्करी के लेन-देन से जुड़ा हो सकता है। वहीं, यह भी आरोप लग रहा है कि थानाध्यक्ष और उनके साथी बिना किसी आधिकारिक अनुमति के सीमा पार गए थे, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है। यह भी दावा किया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों की नेपाल में मौजूदगी किसी आधिकारिक कार्रवाई का हिस्सा नहीं थी, बल्कि उनके निजी कारणों से की गई एक पहल थी। यदि यह आरोप सही है, तो यह मामला न सिर्फ विभागीय अनुशासन पर सवाल खड़े करता है, बल्कि भारत-नेपाल के संवेदनशील रिश्तों को भी प्रभावित कर सकता है। अधिकारियों की चुप्पी, जांच की मांग घटना के बाद से अब तक न बिहार पुलिस की ओर से और न ही नेपाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है।

# ICU में दूल्हा, ससुर ने दी दुल्हन को मुखाग्नि


## शादी के जोड़े में हुआ अंतिम संस्कार; विदाई के दौरान ट्रक ने कार को मारी थी टक्कर



**आरा।** में विदाई कर ससुराल लौट रही दूल्हे की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान दुल्हन की गुरुवार को मौत हो गई। दूल्हे की हालत गंभीर है। दुल्हन को जिस जोड़े में परिवार ने विदा किया था, उसी में उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। हाथों में मेहंदी थी। पैर में महावर था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव ससुराल पहुंचा। रिवाज के मुताबिक मुखाग्नि पति को देनी थी, लेकिन उसकी हालत गंभीर है। परिवार ने फैसला लिया कि ससुर मुखाग्नि देंगे। इसके बाद ससुराल में ही बहू को ससुर ने मुखाग्नि दी। इस दौरान दुल्हन शादी के जोड़े में ही थी। अंतिम संस्कार में लड़की का पूरा परिवार मौजूद था। 27 मई को शादी हुई थी। 28 को दुल्हन की विदाई हुई थी। उसी दिन सुबह हादसा हुआ। गुरुवार को पटना में इलाज के दौरान दुल्हन की मौत हो गई। 28 मई को ये हादसा बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर हुआ था। ससुर ओमप्रकाश उर्फ बधारी यादव ने मुखाग्नि दी। दुल्हन के भाई धनजी ने बताया- '27 मई को धूमधाम से बहन की शादी हुई थी। घर की सबसे छोटी थी। शादी में हम लोगों ने अपने हैसियत से बढ़कर अरेंजमेंट किया था।''अगले दिन 28 मई को खुशी-खुशी उसे विदा किया। मैंने खुद उसका कन्यादान किया था। किसे पता था, अब वो लौटकर घर नहीं आएगी।' दुल्हन ललिता देवी (21) शादी के बाद पति मोनू कुमार (25) के साथ ससुराल जा रही थी। इस दौरान सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। ट्रक ड्राइवर ने बाएं साइड से जोरदार टक्कर मारी। उसी साइड आगे दूल्हा और दुल्हन पीछे बैठी हुई थी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित 6 लोग घायल हो गए थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दुल्हन ललिता देवी (21) को पटना रेफर कर दिया था। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। दूल्हा मोनू कुमार जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। दुल्हन जिस लिबास में विदा हुई थी, उसी लिबास में उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया गया। दुल्हन चार भाई-बहन में तीसरे स्थान पर थी। पिता दूधनाथ सिंह की मौत 10 साल पहले ही मौत हो चुकी है।

# पी.एम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

## वॉट्सऐप से भेजा मैसेज, फंसाने के लिए चाचा के नंबर का किया इस्तेमाल





**भागलपुर।** की सुल्तानगंज पुलिस ने बिहार दौरे पर आए PM नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी समीर कुमार रंजन (35) महेशी गांव का रहने वाला है। आरोपी ने PMO के अधिकारी को धमकी भरा मैसेज भेजा था। NIA और अन्य इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने भागलपुर के SSP से संपर्क कर मामले की सूचना दी। पुलिस जांच में पता चला कि धमकी वॉट्सऐप के जरिए श्ढठ नंबर से भेजी गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने चाचा को फंसाने के लिए ये कदम उठाया है। तकनीकी जांच और मोबाइल की फिंगरप्रिंट के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है। लॉ एंड ऑर्डर सदर DSP चंद्रभूषण ने बताया कि 'बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि सुल्तानगंज का रहने वाले मंटू चौधरी ने PM को जान से मारने की धमकी दी है। इसकी सूचना SSP को दी गई। इसके बाद एक टीम गठित की, जिसमें सुल्तानगंज थानाध्यक्ष और DIU के जवान शामिल थे। पुलिस ने मंटू चौधरी (70) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया गया कि मैं मैट्रिक भी पास नहीं हूं। की-पैड वाला मोबाइल इस्तेमाल करता हूं। भतीजा समीर रंजन है, जिससे जमीन का विवाद चल रहा है। उसने फंसाने के लिए साजिश रची है। पुलिस ने जिस मोबाइल से धमकी दी गई थी, उसे जब्त कर लिया गया है। मोबाइल में धमकी वाला वॉट्सऐप मैसेज भी मिला है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। BBA पास समीर रंजन कोरोना से पहले नौकरी कर रहा था। कोरोना के समय उसकी नौकरी छूट गई थी। इसके बाद से घर पर रह रहा था।PM नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पटना में 72 मिनट का रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने गाड़ी के अंदर से ही लोगों का अभिवादन किया। रोड शो के पहले पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। शाम 6:45 बजे बीजेपी दफ्तर पहुंचे वहां कार्यकताओं के साथ 70 मिनट मीटिंग की। इसके बाद पीएम डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बेटे की सगाई में शामिल हुए। फिर राजभवन पहुंचे, रात में यही रुके।अयोध्या में रामलला के मंदिर को उड़ाने की भागलपुर से मिली थी धमकीअयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला भी भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र से मकसूद अंसारी को गिरफ्तार किया गया था। 13 सितंबर 2024 को बरारी थानाक्षेत्र के बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके पास से चार मोबाइल भी बरामद किया था। वह अभी जेल में है।

## संक्षिप्त डायरी

### पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार 2 लोगों की मौत



**वैशाली।** के बरांटी थाना क्षेत्र में पिकअप और टैंपो की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 7 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना 26 मई को मुसहरी चौक के पास हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तारकेश कुमार(12) को गंभीर हालत में पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।तारकेश राजापाकर थाना क्षेत्र के हरपुर मुकुंदपुर बाकरपुर का रहने वाला था। वह चौथी कक्षा का छात्र था। मृतक के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं।पिकअप ने ऑटो को मारी टक्कर मृतक के चाचा ने बताया कि 26 मई को तारकेश ऑटो से चकसिकंदर से हाजीपुर जा रहा था। इसी दौरान बरांटी में तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### गमछा से फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या



**हाजीपुर।** में युवक ने घर के बाहर बने कमरे में गमछा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोस में रहने वाली महिला ने युवक को फंदे पर लटका देखा। उसने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया। स्थानीय लोगों ने जदुआ ओपी प्रभारी रामनिवास कुमार को सूचना दी। घटना नगर थाना क्षेत्र के मतवलवा अखाड़ा स्थित अंसारी मोहल्ले की है। मृतक की पहचान मोहम्मद मुन्ना बेटे मोहम्मद समीर(19) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। कागजी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।एक दिन पहले गया था घर पिता ने बताया कि मेरा पूरा परिवार छपरा में रहता है। कल रात समीर अकेले घर गया। वहां पड़ोस में साढ़ू की लड़की रहती है। अगले दिन सुबह, जब मैं फोन कर उससे समीर के बारे में पूछा की घर जाकर देखो वो पहुंचा है कि नहीं। थोड़ी देर बाद उसने फोन पर बताया की उसका शव फंदे से लटका मिला है। नगर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नालंदा में पेंटर को अपराधियों ने मारी 3 गोली



**नालंदा।** के नूरसराय इलाके में बाइक सवार अपराधियों ने पेंटर को गोली मार दी। घर से 500 मीटर की दूरी पर घेरकर तीन गोली मारी। बुलेट लगते ही खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। इस बीच हथियार लहराते हुए हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकंदर राम(38) के तौर पर हुई है। घटना मथुरापुर के चोर बिगहा पुल के पास की है। परिजनों ने बताया कि सिंकदर पेंटिंग की काम करता था। किसी काम से सुबह घर से निकला था। पैदल जा रहा था। इस दौरान पुल के पास घात लगातर बैठे 2 अपराधियों ने गोली मार दी। एक गोली कान के ऊपर, दूसरी कमर के पास और तीसरी पेट को छूते हुए आर-पार हो गई। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, किसने मारा है। इस बारे में कुछ पता नहीं है। जांच के लिए ऋछ की टीम को बुलाया वहीं, सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल पर जांच के लिए ऋछ की टीम को बुलाया गया है। प्रारंभिक जांच में आपसी दुश्मनी की बात सामने आ रही है। फिलहाल परिजन कुछ बता नहीं रहे हैं। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।


### बिहार अल्पसंख्यक आयोग में सिख समाज को मिला प्रतिनिधित्व



**किशनगंज।** बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने गुरुवार को कमेटी का पुनर्गठन किया। किशनगंज के सरदार लखविंदर सिंह (लक्खा) को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही, किशनगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशिर कुमार दास को सदस्य बनाया गया है। दोनों नेताओं के रात में किशनगंज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट किए। समर्थकों ने शहर में जुलूस निकाला और आतिशबाजी की। नवनियुक्त उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद सिख समाज को आयोग में प्रतिनिधित्व मिला है। वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। कमियों को दूर करने का लिया संकल्प सदस्य बने शिशिर कुमार दास ने आयोग में मौजूद कमियों को दूर करने का संकल्प लिया। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने इस नियुक्ति को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में सुशांत गोप, ज्योति कुमार सोनू, कमलेश शर्मा, श्यामल कुमार दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नेपाल से भारत में गांजा तस्करी, 2 तस्करों को जेल

**अररिया।** व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार ने गांजा तस्करी के एक अहम मामले में कार्यवाही की है। नेपाल के बिराटनगर निवासी दीपक उरांव(23) और अररिया के सिकटी निवासी सुमन कुमार पासवान(25) को ठछ्रर एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 14-14 साल की सश्रम कारावास और 4-4 लाख रुपए के जुमानें की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा न करने पर दोनों आरोपियों को 2-2 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 60 किलो गांजा के साथ पकड़े गए थे दोनों आरोपी यह मामला 13 मार्च 2023 का है जब बीएसएफ की 52वीं वाहिनी ने कुसाकांटा थाना क्षेत्र के खुटहरा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नेपाल से भारत की ओर आ रहे दोनों युवकों को 60 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।अभियोजन की सख्त दलीलएनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक अशोक मिश्रा ने कोर्ट में ठोस साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। सभी गवाहों ने अभियुक्तों की संलिप्तता की पुष्टि की। वहीं, बचाव पक्ष के अधिवक्ता अजित कुमार रॉय और आभाष कुमार ने सजा में नरमी की अपील की, जिसे न्यायालय ने मामले की गंभीरता और सामाजिक प्रभाव को देखते हुए अस्वीकार कर दिया।सीमा पर बढ़ती तस्करी के खिलाफ कड़ा संदेशविशेष लोक अभियोजक अशोक मिश्रा ने बताया कि यह फैसला एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक मजबूत संदेश है कि नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को रियायत नहीं दी जाएगी।



# अमिताभ बच्चन की जगह सलमान खान करेंगे केबीसी होस्ट

केबीसी शो अपने अलग अंदाज और अमिताभ बच्चन की बेहतरीन होस्टिंग के लिए जाना जाता है। कई लोग यहां लाखों रुपये जीतने के मकसद से आते हैं और आखिरकार अमिताभ अपनी मेजबानी से उनका दिल जीत लेते हैं, लेकिन हाल ही में यह जानकारी सामने आई है कि केबीसी के सीजन से सलमान अमिताभ को रिप्लेस कर देंगे।

### सलमान करेंगे केबीसी होस्ट?

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, सलमान खान प्रसिद्ध क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के नए होस्ट बन सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सलमान चैनल के साथ बातचीत कर रहे हैं और डील लगभग पक्की हो चुकी है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पहले शाहरुख खान भी इस शो को होस्ट कर चुके हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो सलमान जल्द ही केबीसी में नजर आ सकते हैं।

### सलमान खान का वर्कफ्रंट

सलमान खान आखिरी बार फिल्म सिकंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार रश्मिका मंदाना नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक चली। बहरहाल, कथित तौर पर अब सलमान टाइगर वर्सेज पठान में नजर आ सकते हैं।



# दिलजीत दोसांझ की तरह सिंगर-एक्टर बनना चाहती हूं

उड़ीसा में जन्मी और शिकागो में पली-बढ़ी लिसा मिश्रा आज भले मनोरंजन जगत में अपनी जमीन तलाश रही हैं, मगर उन्हें मुंबई आए 7 साल हो गए हैं। बॉलिवुड के कई मशहूर गीतों के कवर गए चुकी लिसा रे कॉल मी बे के बाद अब हालिया वेब सीरीज द रॉयल्स में भी नजर आईं। भारतीय मूल की ये अमेरिकन सिंगर-एक्टर बॉलिवुड में आगे बढ़ने को आतुर हैं और दिलजीत दोसांझ की तरह अपने सिंगिंग-एक्टिंग करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

सिंगिंग से शुरुआत करने वाली लिसा कॉल मी बे से अपने अभिनय की यात्रा का आगाज भी कर चुकी हैं। वह कहती हैं, जैसा मैंने कहा कि संगीत हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा। आज हमारी इंडस्ट्री में कई सिंगर-एक्टर हैं, मगर मैं इस मामले में दिलजीत दोसांझ को अपना आदर्श मानती हूं। मैं उन्हीं की तरह गायन और अभिनय करना चाहूंगी। एक जमाना था, जब सुरैया, नूरजहां, अशोक कुमार और किशोर कुमार सरीखे सिंगर-एक्टर हुआ करते थे। आज हम जैसे कलाकार सिंगिंग और एक्टिंग करते हैं, तो लोगों को नया लगता है, मगर ये तो हम पहले से करते आए हैं। मैं सिंगर-एक्टर के रूप में अपना सफर जारी रखना चाहूंगी। आज इंडिया ही नहीं पूरी दुनिया भर में लेडी गागा, सेलेना गोम्स, विल स्मिथ सरीखे एक्टर-सिंगर छाए हुए हैं। आज मौके भी बहुत हैं और नई चीजों को स्वीकार करने की लोगों की क्षमता भी बढ़ी है।

### रोल के लिए 6 बार ऑडिशन दिया

इंडस्ट्री में नए कलाकारों को ऑडिशन की राह से तो गुजरना ही पड़ता है। लिसा बताती हैं, मैं अब तक अनगिनत ऑडिशन दे चुकी हूं और मुझे पचासों बार रिजेक्ट किया गया है, मगर मैं इसे बुरा नहीं मानती। यह मेरी ट्रेनिंग है और इसी के जरिए मैं अपनी कमियां जान पाती हूं। मैं हमेशा ये जानने को उत्सुक रहती हूं कि अगली बार क्या सुधार करूं। अब उदाहरण के रूप में इसी रोल के लिए मैंने 6 बार ऑडिशन दिया और आखिरकार मुझे लगने लगा कि ये रोल मुझे नहीं मिलने वाला। जबकि मैं इस भूमिका को पाने के लिए बहुत ज्यादा उम्मीद कर रही थी, क्योंकि मैं जानती थी कि द रॉयल्स में बहुत बड़े सितारे हैं, जिनके साथ काम करके मैं बहुत कुछ सीखूंगी। अगर ये भूमिका मुझे नहीं मिली होती, तो मैं तो डिप्रेशन में चली जाती। खुश हूं कि मेहनत के बल पर ये चरित्र मेरे हिस्से में आया।



# माइंडसेट को बनाओ मजबूत शानदार होंगे नतीजे

मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। यानी अगर आप अपने सोचने के तरीके पर काबू पा लेते हैं, तो आप अपने नतीजों पर भी काबू पा सकते हैं। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा। आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।

# उमंग कुमार की फिल्म से डेब्यू करेंगे करण वीर मेहरा



बिग बॉस 18 के विजेता का खिताब अपने नाम करने वाले करण वीर मेहरा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं पहली फिल्म भी हाथ लग चुकी है। वे निर्देशक उमंग कुमार की अगली फिल्म से अपनी अभिनय पारी शुरू करेंगे एक्टर हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उमंग कुमार को मैरी कॉम और सरबजीत जैसी फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाना जाता है अब वे रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म के सितारों को लेकर आज सोमवार को एलान किया गया है। करण वीर मेहरा भी फिल्म में लीड रोल अदा करने वाले हैं, इस खबर के एलान के बाद उनके फैंस के बीच खुशी है और सोशल मीडिया पर वे इसका इजहार कर रहे हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' इन दिनों चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म न सिर्फ इसलिए सुर्खियों में है क्योंकि इसमें शाहरुख की बेटी सुहाना खान एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं, बल्कि अब इसमें एक और नाम जुड़ गया है जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है।**

### फिल्म में हुई नए एक्टर की एंट्री

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की स्टारकास्ट में अब डांसर, एक्टर और एंकर के तौर पर पहचान बना चुके राघव जुयाल की भी एंट्री हो गई है। राघव इससे पहले फिल्म 'किंग' से अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं और अब उन्हें शाहरुख और सुहाना के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है। यह खबर सामने आते ही फैंस सोशल मीडिया पर खुशी से झूम उठे हैं और फिल्म को लेकर उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं।

### 'किंग' के लिए एक्साइटेड हैं फैंस

सूत्रों के मुताबिक, किंग की कास्टिंग प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है और निर्माताओं ने हर किरदार के लिए एक मजबूत और अनुभवशील चेहरा चुना है। फिल्म का निर्देशन कर रहे सिद्धार्थ आनंद ने इससे पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई थी और अब वो 'किंग' के जरिए एक बार फिर दर्शकों को शानदार एक्सपीरियंस देने के लिए तैयार हैं।

### फिल्म 'किल' में किया जबरदस्त काम

गौरतलब है कि राघव जुयाल को इससे पहले करण जौहर की फिल्म 'किल' में जबरदस्त पहचान मिली थी और अब वो न केवल शाहरुख-सुहाना के साथ किंग में नजर आएंगे, बल्कि शाहरुख के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में भी एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का प्रीमियर जून में नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।

### सौरभ शुक्ला की भी हो चुकी एंट्री

हाल ही में यह खबर भी सामने आई थी कि अनुभवी अभिनेता सौरभ शुक्ला भी 'किंग' का हिस्सा बन चुके हैं और उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। सौरभ की मौजूदगी फिल्म की स्टारकास्ट को और भी मजबूत बना रही है।

### किंग की शूटिंग हुई शुरू

बता दें 'किंग' की शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है और जल्द ही इसका पहला लुक या टीजर भी सामने आ सकता है। दर्शकों को अब इस फिल्म के हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार है।



# इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरूआत अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

**बॉलीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।**

### विद्या बालन

विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में हम पांच टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म परिणीता से की।



### मौनी रॉय

मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म गोल्ड से अदाकारी शुरू की।

### यामी गौतम



यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म विक्की डोनर (2012) से बहुत मशहूर हुईं। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

### मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर कुमकुम भाग्य टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में लव सोनिया से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।

### प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले कसम से सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने रॉक आन से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इमरान हाशमी के साथ फिल्म अजहर में भी नजर आ चुकी हैं।



# कप्तानी के पहले ही वर्ष में टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने वाले पांचवें भारतीय बने रजत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल 2025 के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स पर जीत के साथ ही एक ऐसे क्लब में शामिल हो गये हैं जिसमें महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, अनिल कुंबले और हार्दिक पांड्य जैसे दिग्गज शामिल हैं। इसी के साथ ही अपनी कप्तानी के पहले ही वर्ष में टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने वाले रजत 5वें भारतीय कप्तान बने हैं।

आईपीएल 2025 का फाइनल 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आरसीबी कुल मिलाकर चौथी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। हालांकि, इससे पहले के तीनों मौकों पर उसे फाइनल में हार झेलनी पड़ी थी। इस बार आरसीबी आईपीएल में खिताब जीतने का पूरा प्रयास करेगी। आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की कप्तानी साल 2009 में अनिल कुंबले जबकि साल 2011 में डेनियल वेटोरी , वहीं साल 2016 में विराट कोहली और 2025 में रजत पाटीदार ने की थी।धोनी ने अपनी कप्तानी के पहले ही साल में चेन्नई सुपरकिंग्स टीम को फाइनल में पहुंचाया था। उन्होंने 2008 में आईपीएल के पहले ही सत्र में ये उपलब्धि हासिल की थी पर वह खिताब नहीं जिता पाये थे। अनिल कुंबले दूसरे ऐसे भारतीय हैं जिनकी कप्तानी के पहले ही साल 2009 में में टीम आईपीएल फाइनल में पहुंची थी हालांकि टीम फाइनल नहीं जीत पायी थी। साल 2013 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के कप्तान बने और उसी वर्ष उन्होंने टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

साल 2022 में हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। उनकी कप्तानी के पहले ही वर्ष में गुजरात टाइटंस आईपीएल फाइनल में पहुंचने में सफल हुई थी। अब आईपीएल कप्तानों के इस क्लब में रजत पाटीदार भी शामिल हो गये हैं।




# वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मिले प्रधानमंत्री




**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना एयरपोर्ट पर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की। 14 साल के वैभव ने आईपीएल में अपने आक्रामक खेल से सभी का ध्यान खींचा है। उसके बाद से ही प्रधानमंत्री इस उभरते क्रिकेटर की सराहना करते आये हैं। प्रधानमंत्री की वैभव के परिवार से यह मुलाकात तब हुई जब वह अपने चुनावी दौरे पर बिहार पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा, युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिलकर खुशी। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी ओर से शुभकामनाएं।÷ प्रधानमंत्री से मिली प्रशंसा के बाद वैभव और उनका परिवार बेहद प्रसन्न नजर आया। वैभव ने भी प्रधानमंत्री के पैर छूए ओर उनके आर्शिवाद को प्रेरणादायक बताया और कहा कि इस मुलाकात से उन्हें अपने लक्ष्य की ओर और भी अधिक समर्पित होकर प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी।

# कोच ने मुझे सिर्फ एक बात बताई है, आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुचकर बोले आरसीबी के सुयश शर्मा

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के क्वालीफायर 1 मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए 2016 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई। जीत के मुख्य कारकों में एक लेग स्पिनर सुयश शर्मा का शानदार प्रदर्शन था। उन्होंने 17 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद सुयश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के एक मंत्र को दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार कोचों का समर्थन मिला और उन्हें स्टंप्स पर हिट करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया।

सुयश ने मैच के बाद कहा, 'कोच ने मुझे सिर्फ एक बात बताई है: मुझे स्टंप्स पर हिट करना है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं गुगली, लेगब्रेक या फ्लिपर फेंकता हूं। इसलिए मैं स्टंप्स पर ज्यादा से ज्यादा गेंदें डालने की कोशिश करता हूं। पिच से कुछ मदद मिल रही थी। मुझे लगता है कि इसीलिए मेरी गुगली को समझना आसान नहीं था।'




जब PBKS पहले से ही 5 विकेट पर 59 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था, तब आक्रमण पर आते हुए सुयश ने मजबूत शुरुआत को जारी रखी। उनकी दूसरी गेंद एक अच्छी तरह से निष्पादित गुगली, शशांक सिंह को चकमा दे गई, जो लाइन के पार एक बड़ा स्विंग करने से चूक गए। इससे पहले उन्होंने स्टोइनिस को बोल्ड किया था। डेब्यू करने वाले मुशीर खान को पंजाब किंग्स के इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में क्रीज पर भेजा गया। लेकिन युवा खिलाड़ी का पहला आईपीएल मैच निराशाजनक रहा और सुयश ने उन्हें एक और गुगली पर सिर्फ तीन गेंदों में उन्हें LBW आउट कर दिया।

# विराट-रोहित के बाद अब जसप्रीत बुमराह ने की रिटायरमेंट पर बात


**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली और रोहित वनडे में खेलना जारी रखेंगे, लेकिन दोनों ने टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है, जबकि अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास ले लिया है। इन तीनों के संन्यास के बाद, प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच एक सवाल जोरों पर है कि क्या 31 वर्षीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जो अपनी चोटों के इतिहास के बावजूद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ हैं, भी किसी एक प्रारूप से संन्यास लेंगे? हाल ही में, बुमराह ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक स्पष्ट बातचीत में अपनी मानसिकता और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।



बुमराह ने कहा कि यह वह खेल है जिससे मुझे प्यार हो गया। इस बार मैं ऑस्ट्रेलिया गया, और कई युवा मेरे पास आए और मेरी गेंदबाजी एक्शन की नकल करने की कोशिश की। यह अविश्वसनीय है, क्योंकि मैं भी ऐसा ही करता था। हां, यह सफर हमेशा नहीं चलेगा, लेकिन जब भी यह खत्म होगा, मैं इस खेल को कुछ वापस देना चाहता हूं। जो कुछ भी मेरे पास है और मैंने जीवन में जो सीखा है, वह इस खेल के कारण है। मैं इस सफर के लिए आभारी हूं।'

हालांकि बुमराह ने अब तक केवल टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती है, लेकिन वह जानते हैं कि लगातार क्रिकेट खेलने की अपनी कीमत होती है। ऑस्ट्रेलिया के कठिन टेस्ट दौरे पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 विकेट लिए, लेकिन इसके बाद एक और पीठ की चोट ने उन्हें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर कर दिया। इस अनुभव ने उन्हें अपने शरीर और करियर को प्रबंधित करने के लिए एक स्मार्ट दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'आपको थोड़ा चयनात्मक और स्मार्ट होना पड़ता है कि आप अपने शरीर का उपयोग कैसे करते हैं। एक क्रिकेटर के रूप में, मैं कभी कुछ छोड़ना नहीं चाहता और हमेशा आगे बढ़ना चाहता हूं।' बुमराह ने अपनी भविष्य की योजनाओं को सरल रखने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह आंकड़ों के पीछे नहीं भाग रहे और न ही लंबे समय के लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनका शरीर साथ नहीं देता या खेलने की भूख खत्म हो जाती है, तो वह जान जाएंगे कि संन्यास का समय आ गया है। लेकिन तब तक, वह हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। उन्होंने बातचीत का समापन करते हुए कहा कि फिलहाल, मैं ठीक हूं। लेकिन मैं यह नहीं सोचता कि मुझे इस संख्या तक पहुंचना है। मैं एक दिन को एक बार में लेता हूं। अभी तक का सफर अच्छा रहा है, लेकिन जिस दिन मुझे लगेगा कि जोश खत्म हो गया है, या मेहनत नहीं हो रही, या मेरा शरीर साथ नहीं दे रहा, तब मैं फैसला लूंगा।

# पहलवान बजरंग पूनिया को राहत, दिल्ली की अदालत में चल रहा ये मामला खत्म



नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है। न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, 'मामला सुलझाया गया।' दहिया ने दावा किया था कि बजरंग ने अन्य पहलवानों और लोगों के साथ मिलकर 10 मई 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# धोनी का ये रिकार्ड अब तक नहीं तोड़ पाया है कोई विकेटकीपर बल्लेबाज




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम एक ऐसा रिकार्ड है जिसे पिछले दो दशक के बाद भी कोई विकेटकीपर बल्लेबाज नही तोड़ पाया है। ये विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकार्ड है। धोनी ने रिकार्ड श्रीलंका के खिलाफ 2005 में बनाया था। तब जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में धोनी ने 145 गेंदों पर 15 चौके और 10 छक्के लगाकर नाबाद 183 रन बनाए थे। यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि कॉक और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट भी ऐसा रिकार्ड नहीं बना पाये हैं। इस पारी के साथ धोनी ने एकदिवसीय में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया था। उस पारी के साथ ही धोनी ने गिलक्रिस्ट का सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था, गिलक्रिस्ट ने जनवरी 2004 में होबार्ट के बेलरिव ओवल में जिम्बाब्वे के खिलाफ 126 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 172 रन बनाए थे। धोनी का रिकॉर्ड आज 20 साल बाद भी बना हुआ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक ने साल 2023 में मुंबई में बांग्लादेश के खिलाफ 174 और 2016 में सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 178 रन की पारी खेली थी पर वह धोनी का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये थे।

# नॉर्वे शतरंज 2025: गुकेश की लगातार दूसरी जीत, 19वें जन्मदिन पर करूआना को टाईब्रेक में दी मात

**स्टावेंगर नॉर्वे (एजेंसी)।** विश्व शतरंज चैम्पियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज 2025 में अपनी खराब शुरुआत के बाद वापसी कर ली है , पहले मेजबान देश के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन और फिर हमवतन अर्जुन एरीगैसी के खिलाफ लगातार दो हार से शुरुआत करने वाले गुकेश ने तीसरे राउंड में यूएसए के हिकारु नाकामुरा को मात देते हुए पहली जीत का स्वाद चखा था और अब उन्होने अपने 19वें जन्मदिन के दिन चौथे राउंड में टाईब्रेक मुक़ाबले में यूएसए के विश्व नंबर 5 फबियानों करूआना को मात देते हुए एक और जीत दर्ज की है। इस राउंड में उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना के खिलाफ सफ़ेद मोहरो से पहले क्लासिकल मुक़ाबला ड्रॉ खेला और फिर ऐसे में उन्हे टाईब्रेक में सफ़ेद मोहरो से नियम के अनुसार हर हाल में जीत दर्ज करनी थी ऐसे में उन्होने जुकरटोर्ट ओपनिंग का सहारा लिया , खेली की 15वीं चाल के बाद करूआना गुकेश के केंद्र में एक अतिरिक्त प्यादे की चालों का अच्छे से आकलन नहीं कर सके और गुकेश नें मजबूत बढ़त हासिल कर ली और इसके बाद 50 चाल तक चले मुक़ाबले में गुकेश नें शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ अब गुकेश 4.5 अंको के साथ चौथे स्थान पर पहुँच गए है।




वहीं मैगनस कार्लसन नें भारत के अर्जुन एरीगैसी को सीधे क्लासिकल मुक़ाबले में मात देते हुए 8 अंको के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है जबकि एक अन्य मुक़ाबले में यूएसए के हिकारु नाकामुरा को टाईब्रेक में चीन के वे यी से पराजय का सामना करना पड़ा हालांकि इस राउंड में हार के बाद भी यूएसए के फबियानों करूआना 7 अंको के साथ दूसरे और हिकारु नाकामुरा 5.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे है।

वहीं महिला वर्ग में भारत की कोनेरु हम्पी को विश्व चैम्पियन जु वेंजून के खिलाफ टाईब्रेक में हार का सामना करना पड़ा जबकि आर वैशाली नें उक्रेन की एना मुजयचूक को टाईब्रेक में पराजित किया , हालांकि हम्पी और एना दोनों फिलहाल 7 अंको के साथ एकल बढ़त पर बने हुए है जबकि इस जीत से वैशाली की स्थिति में सुधार जरूर हुआ पर वह अभी भी 3.5 अंको के साथ छठे स्थान पर चल रही है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

सिंगापुर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में पहुंचे थे। सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरुआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरुआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली। भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाये रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किये और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की।

# राहुल सोमवार को इंग्लैंड दौरे पर रवाना होंगे

मुम्बई । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल इंग्लैंड दौरे की तैयारियों में लगे हैं। राहुल की टीम दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी थी। इसके बाद राहुल को इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए समय मिल गया। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल लगभग 20 दिन पहले ही इंग्लैंड रवाना हो जायंगे जिससे वह हालातों के अनुसार ढल सकें। रोहि शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से राहुल के उपर अधिक जिम्मेदारी रहेगी। वह इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ होने वाले इंडिया ए के मुकाबले में भाग लेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा , वह सोमवार को रवाना होंगे और भारत ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। वह सीनियर पुरुष टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें खेलने का समय और मैच अभ्यास मिलेगा। इंडिया ए टीम अभी इंग्लैंड दौरे पर है। इंग्लैंड लॉयनस के खिलाफ उन्हें दो अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की शुरुआत हो गयी है। वही भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, शार्दुल ठाकुर, नीतिश कुमार रेड्डू और ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी भाग लेंगे।

# शार्दुल बोले, शुभमन और ऋषभ के स्वभाव में हैं काफी अंतर

मुम्बई । ऑराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा है कि इंग्लैंड दौर के लिए नये कप्तान बनाये गये शुभमन गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत के स्वभाव में काफी अंतर है। शार्दुल के अनुसार जहां शुभमन गंभीर हैं, वहीं ऋषभ मजाकिया स्वभाव वाले हैं। साथ ही कहा है कि इन दोनो ने सबसे बड़े और अहम अवसर मौकों पर खेल में योगदान दिया है, और इसी लिए इनसे टीम को काफी उम्मीदें हैं। ठाकुर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन ने भी शुभमन को स्वाभाविक नेतृत्व कर्ता करार दिया, जो कोलकाता नाइट




राइडर्स में उनके साथ समय के आधार पर जिम्मेदारी लेने में कुशल है। वहीं पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने बुमराह को कप्तानी के लिए समर्थन दिया था जबकि वसीम जफर ने सुझाव दिया था कि बुमराह कप्तान हों और गिल उप-कप्तान बनकर भविष्य के लिए तैयार हों। दूसरी ओर वीरेंद्र सहवाग ने तर्क दिया कि ऋषभ पंत गिल से बेहतर विकल्प थे और गिल को फ्तीसरा सबसे अच्छाफ्र विकल्प माना। इनके विपरित गिल को चुनकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि गिल का चयन एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, न कि केवल एक सीरीज के लिए। आप कप्तानों को एक या दो दौरे के लिए नहीं चुनते। भारत और इंग्लैंड के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा वाली पांच मैचों की यह सीरीज हेडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल जैसे मैदानों पर खेली जाएगी। इस इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टीम में शार्दुल भी शामिल हैं। मो शमी के नहीं होने से उन्हें इस सीरीज में गेंदबाजी में भी बड़ी भूमिका मिलेगी।

# मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे : डिविलियर्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि 'बेहतरीन टीम मैन' विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाएंगे। RCB ने क्वालीफायर एक में पंजाब किंग्स के खिलाफ महज 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की।

मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। RCB के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा।

डिविलियर्स ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनकी भाव भंगिमा सकारात्मक दिख रही थी। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गये हैं। वह आज रन नहीं बना पाये लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा।'

उन्होंने कहा, 'वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा।'

RCB 2008 में 8 फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। RCB अब कहां है? एक और फाइनल में (2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि तीन जून को मैच के छोटे-छोटे लम्हें RCB के पक्ष में जाएंगे। मुझे नीलामी के समय ही लगा था कि RCB ने इस साल सही संतुलन बनाया है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी विविधता है।'



## महाराष्ट्र में 76 नए कोरोना मरीज मिले, अबतक कुल 597 कोरोना मरीज मिले

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में 76 नए कोरोना मरीज मिले हैं। वहीं सातारा जिले में भी दो कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल 597 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। राज्य में फिलहाल 425 सक्रिय कोरोना मरीज हैं। जबकि 165 मरीज कोरोना से ठीक हो चुके हैं। जनवरी से अब तक 7 कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से छह से सात अन्य गंभीर बीमारियों से संक्रमित थे। राज्य में मिले 76 कोरोना मरीजों में से मुंबई में 27, पुणे में 21, ठाणे मनपा सीमा में 12, कल्याण मनपा में 8, नवी मुंबई में चार, कोल्हापुर मनपा में एक, अहिल्यानगर मनपा में एक और रायगढ़ जिले में दो मरीज मिले हैं। इसके अलावा सातारा जिले में 2 मरीज मिले हैं।

**नागरिक घबराएं नहीं** – जनवरी 2025 से मुंबई में कुल 379 मरीज पंजीकृत हुए हैं। जनवरी से राज्य में 9,592 कोविड-19 परीक्षण किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी ठीक हुए मरीज हल्के संक्रमण से पीड़ित थे। मरने वाले सात कोरोना मरीज नेफ्रोटिक सिंड्रोम, किडनी रोग, ब्रेन स्ट्रोक (सेरेब्रोवास्कुलर डिजीज), डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, इंटरस्टीशियल लंग डिजीज और डायबिटीज जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। राज्य में पर्याप्त कोरोना वायरस जांच किट और पर्याप्त उपचार सुविधाएं हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से नहीं घबराने की अपील की है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं लगी अंबेडकर की मूर्ति, चंद्रशेखर ने लिखा सीजेआई को पत्र

ग्वालियर (एजेंसी)। ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रतिमा स्थापित नहीं होने पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण ने सीजेआई को पत्र लिखकर इस कोर्ट की अवहेलना बताया है। आपको बता दें कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का मुद्दा ज्वलंत होता जा रहा है। इसको लेकर प्रशासन और भीम सेना के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की बात सामने आई थी। इसको लेकर तोड़-फोड़ की गई और चबूतरा बनाया गया। वहीं, बार एसोसिएशन ने आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया और कहा कि नियमों के हिसाब से इस मूर्ति की स्थापना नहीं की जा रही है। इसके बाद भवन समिति के सदस्यों ने भी इस पर सहमति नहीं जताई है। इसके बाद बार एसोसिएशन इस मूर्ति स्थापना की खिलाफत में आ गया और वहीं जो अधिवक्ता आंबेडकर के अनुयायी है। उनकी मूर्ति की स्थापना के लिए आर्थिक सहियोग भी कर रहे हैं वो बार के विरोध में नजर आने लगे।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड में पुलकित, सौरभ और अंकित दोषी करार, सजा का ऐलान जल्द

कोटद्वार (एजेंसी)। देशभर में चर्चित हुआ अंकिता भंडारी हत्याकांड की सुनवाई करते हुए उत्तराखंड के कोटद्वार कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया है। इसके बाद सभी को फांसी दिए जाने की मांग अंकिता भंडारी के परिजनों ने की है, जल्द ही कोर्ट सजा सुनाने जा रही है। इसे लेकर प्रदेशभर में हलचल तेज हो गई है। यहां बताते चलें कि करीब तीन साल पहले 18 सितंबर 2022 को यमकेश्वर में युवती अंकिता भंडारी की हत्या कर, उसके शव को कैनाल में फेंक दिया गया था। हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कैनाल से अंकिता का शव बरामद किया गया था। इस बहुचर्चित हत्याकांड की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने माना कि आरोपियों ने हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने का कार्य किया। इस पर अंकिता के परिजनों ने आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि अंकिता हत्याकांड की जांच के बाद एसआईटी ने 500 पेज की चार्जशीट कोर्ट में फाइल की थी। इस चार्जशीट में 97 गवाहों को नामित किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से 47 गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने इन सभी गवाहों के बयान लेकर और सबूतों को आधार बनाते हुए सुनवाई पूरी की है। इस मामले में फैसले के लिए शुकवार की तिथि तय की गई थी। सुनवाई के बाद एडीजे रीना नेगी ने अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपी पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी करार दिया है। जल्द ही सजा का ऐलान किया जा सकता है।

## विश्व आलू दिवस पर लखनऊ में हुआ आलू अधिवेशन का आगाज

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में शुक्रवार को आलू अधिवेशन का आगाज हो गया। 30 मई को विश्व आलू दिवस के मौके पर किसान तक इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गोमती नगर में आलू अधिवेशन का आयोजन हो रहा है, जिसमें खेती-किसानी से लेकर कृषि विज्ञान की दुनिया की गणमान्य हस्तियां उपस्थित शिरकत करने कर रही हैं। इस पूरे कार्यक्रम में परिचर्चा बैठकें होंगी। इस कार्यक्रम की खास बात ये है कि इसमें आलू की दुनिया के महारथियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गोमती नगर के मरकरी ऑडिटोरियम में होगा। आलू अधिवेशन शुरुआत हो चुकी है, जिसमें किसान, वैज्ञानिक, पॉलिसीमेकर्स, आंत्रप्रेन्योर आदि अपना पंजीकरण करा सकते हैं. इस दौरान स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। वहीं सुबह 9.50 बजे यूपीसीएआर के महानिदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह का उद्घाषण भाषण हुआ जिसका टॉपिक था आलू इकोसिस्टम मिट्टी से मंडी तक, आलू की चुनौतियां। इस प्रोग्राम में यूपी के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी भाग लिया।

# बिहार में कार्यक्रम के दौरान किसानों का हंगामा, जमीन अधिग्रहण का उचित मुआवजा नहीं मिलने का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम अब वैश्विक सफलता शीर्ष पर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के मौके से स्टार्टअप्स को मदद मिलेगी। स्टार्टअप्स को इमेज एडिटिंग, डीप-टेक, अर्थ ऑब्जर्वेशन से लेकर कन्वर्सेशनल एआई तक अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने, वैश्विक गठबंधन बनाने और स्केलेबल प्रभावशाली समाधान बनाने में मदद मिलेगी।

इंडिया एआई मिशन ने इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव के लिए 10 स्टार्टअप को चुनने की घोषणा की है। भारत की एआई क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, फरवरी 2024 में एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा ने न केवल उच्च-स्तरीय राजनीतिक प्रतिबद्धता का संकेत दिया, बल्कि वैश्विक एआई मानदंडों और इनोवेशन डिप्लोमेसी को आकार देने के लिए भारत की मंशा को भी दिखाया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत का एआई इकोसिस्टम अब वैश्विक सफलता के शिखर पर है। इस तरह की पहलों के माध्यम से, हम अपने सबसे बेहतरीन स्टार्टअप को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने, वैश्विक गठबंधन बनाने और स्केलेबल, प्रभावशाली समाधान बनाने में सक्षम बना रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और इंडियाएआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह के मुताबिक इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव एक कार्यक्रम से कहीं बढ़कर है।

उन्होंने कहा, यह भारत के टैलेंट और दुनिया के इनोवेशन हब के बीच एक पुल है। ये 10 स्टार्टअप भारतीय एआई की ताकत, विविधता और वैश्विक क्षमता का उदाहरण हैं। ग्लोबल एआई लीडर के रूप में हमें उनकी अगली बड़ी उपलब्धि का समर्थन करने पर गर्व है।

उन्होंने कहा, इन 10 स्टार्टअप को एक कठोर बहु-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है और वे दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप कैंपस स्टेशन एफ में भारत के गतिशील एआई इनोवेशन इकोसिस्टम का प्रतिनिधित्व करेगा।

## बिहार में कार्यक्रम के दौरान किसानों का हंगामा, जमीन अधिग्रहण का उचित मुआवजा नहीं मिलने का आरोप

**पटना।** पटना के फतुहा स्थित सुकुलपुर गांव में कार्यक्रम के दौरान किसानों ने जमीन अधिग्रहण मुआवजे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा बिक्रमगंज से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार में 48,500 करोड़ रुपए की योजनाओं के शिलान्यास के लिए हुआ था। कार्यक्रम में भाजपा नेता और पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने 1083 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली रामनगर-कच्ची दरगाह खंड की 14.5 किलोमीटर सिक्स लेन सड़क का शिलान्यास किया। तभी मौजूद किसान उग्र हो गए और कार्यक्रम स्थल से बाहर आकर प्रदर्शन करने लगे। किसानों का कहना था कि सरकार उनकी जमीन का जबरन अधिग्रहण कर रही है। उन्हें निर्धारित सरकारी दर का चौगुना मुआवजा नहीं मिल रहा है। किसान महीनों से इस मांग को लेकर संघर्षरत हैं। स्थानीय नेताओं जैसे पूर्व मुखिया देवकुमार सिंह, अभिमन्यु यादव, इंजीनियर गोपाल शंकर और नरेशचंद्र यादव के समझाने पर किसान शांत हुए। रामकृपाल ने किसानों की मांगों को संबंधित वरीय अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय, एनएचएआई प्रबंधक अतुल पुंडीर, कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार ठाकुर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## बीजेपी के नए बॉस को लेकर जाने क्या आया अपडेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के लिए नए अध्यक्ष का इंतजार काफी लंबा हो गया है। आम चुनाव के करीब 1 साल बीतने के बावजूद भाजपा को अब तक नया अध्यक्ष नहीं मिल सका है। हालांकि, खबरें थी कि अप्रैल या मई महीने में भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच इस लेकर निर्णय नहीं लिया जा सका। हालांकि, अब इस मामले में एक नया अपडेट सामने आया है।

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जून के तीसरे या चौथे सप्ताह में हो सकता है। इसका मतलब साफ है कि जून के आखिर तक बीजेपी को नया बॉस मिल जाएगा। फिलहाल जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनका कार्यकाल 2020 से 2023 तक था। लेकिन कार्यकाल को लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया गया। इसके बाद से लगातार अभी तक नड्डा का कार्यकाल बढ़ता रहा है। इसके बाद अब इसकी संभावना ज्यादा दिख रही है कि जल्दी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

फिलहाल पार्टी राज्यों में संगठन को लेकर चुनाव कर रही है। इसके बाद 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन चुनाव संपन्न हो जाने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर प्रक्रिया शुरू कर सकती है। जानकारी के मुताबिक भाजपा चुनाव के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के लिए अधिसूचना जारी करेगी। राज्यों में संगठन आत्मक चुनाव संपन्न होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने है। भाजपा अध्यक्ष पद की रेस में कई नाम सुर्खियों में है। हालांकि इस बार भाजपा का जो राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, उसके ऊपर 2029 आम चुनाव भी होगा। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव है जो भाजपा के लिए बेहद अहम है। इसके बाद पार्टी आगे किस तरीके की रणनीति बनाकर चलती है, यह भी देखने वाली बात होगी।

# मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए उतावली हो रही कर्नाटक की कांग्रेस सरकार



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए उतावली है। इसके लिए सिद्धारमैया सरकार ने दो बार विधेयक राज्यपाल को भेजा है। राज्यपाल ने दोनों बार यह विधेयक वापस कर दिया है। अब तीसरी बार यह बिल सीधे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के पास भेजने पर विचार मंथन चल रहा है। इस विधेयक में एक करोड़ रुपये तक के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। इसी साल मार्च में राज्य विधानमंडल ने इस बिल का पारित किया था।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजे जाने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया था। इससे पहले राज्यपाल गहलोत ने 16 अप्रैल को इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख लिया था लेकिन 28 मई को सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया।

बता दें कि गवर्नर थावरचंद गहलोत ने भाजपा की आपत्तियों के बावजूद पहली बार विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। भाजपा ने तब इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह बिल संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है क्योंकि इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। दूसरी बार, इस बिल को लौटाते हुए गवर्नर गहलोत ने हाल के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि अनुच्छेद 15 और 16 धर्म के आधार पर आरक्षण पर रोक लगाते हैं और कोई भी सकारात्मक कार्यवाही सामाजिक-आर्थिक कारकों पर आधारित होनी चाहिए। गवर्नर के आदेश में कहा गया है, मैं कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित करने के निर्णय पर पुनर्विचार न करने के लिए बाध्य हूं। पंद्रह अप्रैल, 2025 को पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सरकारी फाइल वापस की जाये।

### गवर्नर के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार

अब राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने गुरुवार को इस बिल पर अगला कदम उठाने का फैसला लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों से मिलने की योजना बनाई थी, हालांकि वह बैठक स्थगित कर दी गई। रिपोर्ट में वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि सिद्धारमैया सरकार ने अब गवर्नर गहलोत के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार किया है और चर्चा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संवैधानिक विशेषज्ञों ने कथित तौर पर अदालती कार्रवाई ना करने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी विशेषज्ञों ने राज्य सरकार से कहा है कि अदालत का दरवाजा खटखटाने की बजाय वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं।

## नेपाल में अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के मौके पर भारत के 15 पर्वतारोही सम्मानित

किन्नौर। नेपाल में अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के मौके पर 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया। समारोह में भारत के 15 पर्वतारोही भी शामिल थे। नेपाल के पर्यटन मंत्री बद्री पांडे ने सभी पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के किन्नौर से अमित नेगी भी सम्मानित हुए थे। वे भारत के सबसे युवा एवरेस्ट विजेताओं में से एक हैं। उन्होंने एवरेस्ट (8848.86 मीटर), कंचनजंगा (8,586 मीटर) और अन्नपूर्णा (8091 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया है। किन्नौर के पहले युवा हैं, जिन्होंने अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ाई की है। समारोह में भारत से आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और नवोदिता समेत अन्य पर्वतारोही भी सम्मानित हुए। इस अवसर पर एवरेस्ट एलायंस नेपाल ने एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया।

## बड़े मियां दिल्ली से और छोटे मियां हैदराबाद से... राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी पर जी किशन रेड्डी का निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस बयान की निंदा करता हूं। %बड़े मियां% राहुल गांधी दिल्ली से बोलते हैं और %छोटे मियां% रेवंत रेड्डी हैदराबाद से बोलते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का अपमान करना सरासर गलत है। यहां तक ??कि पाकिस्तान ने भी राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का दावा नहीं किया। लेकिन इन दोनों ने ऐसा दावा किया। इन बयानों की निंदा की जानी चाहिए और इन दोनों को अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए।

जी किशन रेड्डी ने यह भी कहा कि किसकी सरकार ने पीओके को पाकिस्तान को सौंप दिया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद, राज्य से आईएसआई नेटवर्क को हटा दिया गया। पहले प्रत्येक भारतीय राज्य में आतंकवादी गतिविधियाँ होती थीं और हम केवल मोमबत्तियाँ जलाते थे, अपनी नियति को स्वीकार करते थे। अब, हम ब्रह्मोस जलाते हैं और पाकिस्तान पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीओके पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि यह वही है जो इस मुद्दे और आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है।

केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी रेवंत रेड्डी की उस मांग के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 140 करोड़ भारतीयों को यह बताने को कहा था कि हालिया संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी सेना ने कितने राफेल विमान मार गिराए। किशन रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस और उसके नेता सस्ती और गंदी राजनीति का सहारा ले रहे हैं, यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया है और संदेह जताया है, यह पहली बार नहीं है जब वे हमारे सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा रहे हैं, यह पहली बार नहीं है जब वे दुश्मन की बोल रहे हैं।' भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के प्रमुख किशन रेड्डी ने पूछा, 'कांग्रेस भारत के प्रति वफादार है या.... ?'

## पीएम मोदी को पटना में उड़ाने की धमकी वाला संदेश भेजने वाला गिरफ्तार

**भागलपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर गुरुवार को पटना पहुंचे। शुक्रवार को उनका रोहतास जिले के बिक्रमगंज में कार्यक्रम है। मोदी के पटना पहुंचने से पहले ही भागलपुर के पुलिस अधिकारियों को एक धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें पीएम मोदी को पटना में उड़ाने की बात कही गई। यह मैसेज देख एक बार तो पुलिस अफसरों के होश उड़ गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों को मैसेज मिला कि मोदी पटना आ रहे हैं, वहीं उनको उड़ा दिया जाएगा। पीएम को जान से मार दिया जाएगा। मैसेज मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई। भागलपुर के सुल्तानगंज से धमकी भरा मैसेज भेजने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में मामला कुछ और ही निकला।

### अपने चाचा को फंसाने के लिए किया था मैसेज

पुलिस ने तुरंत इस मामले पर ऐक्शन लिया। मैसेज भेजने वाले को ट्रेस किया गया। पता चला कि यह नंबर भागलपुर जिले में सुल्तानगंज के महेशी निवासी बुजुर्ग मंटू चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, तो मामला स्पष्ट हो गया। पता चला कि बुजुर्ग के भतीजे ने ही अपने चाचा को फंसाने के लिए धमकी भरा फर्जी मैसेज भेज दिया था। दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद है। पुलिस ने भतीजे समीर कुमार रंजन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मैसेज भागलपुर एसएसपी के अलावा कई थानों की पुलिस को भेजा था। एसएसपी हृदय कांत ने बताया कि युवक ने चाचा को फंसाने के लिए मैसेज भेजा था। मामले की जांच की जा रही है।

### पहले भी फैलाया था बम प्लांट का मैसेज

पुलिस जांच में पता चला कि जिस मोबाइल फोन से धमकी भरे मैसेज भेजे गए वह आरोपी के ही फिंगरप्रिंट से खुलता है। उसके मोबाइल फोन की जांच में यह भी पता चला कि पीएम के भागलपुर दौरे के दौरान भी उसने एयरपोर्ट पर बम प्लांट करने का मैसेज इधर-उधर भेजा था। इसके लिए उसने वीपीएन का इस्तेमाल किया था।

# मणिपुर में फिर सरकार बनाने की कवायद शुरु, कौन बनेगा सीएम उलझेगा पेंच?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले दो साल से ज्यादा हिंसा की घटनाओं को लेकर चर्चा में रहा मणिपुर अब फिर सुर्खियों में है। इस साल फरवरी में सीएम पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा था। अब पूर्वोत्तर के इस हिंसाग्रस्त राज्य में सरकार गठन की कवायद फिर से शुरू हो गई है।

मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन के बीच अब अचानक सरकार गठन के कवायद की खबर आई है। तो इसके पीछे क्या है? अब चर्चा इसे लेकर शुरू हो गई है। मणिपुर बीजेपी या बीजेपी नेतृत्व किसी की भी तरफ से इसे लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। बीजेपी के विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 10 विधायकों के डेलिगेशन ने राज्यपाल से मुलाकात की है और 44 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए सरकार बनाने की बात कही है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद बीजेपी विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने सरकार गठन के दावे को लेकर सवाल पर कहा कि इस पर फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को करना है। यह बताना कि हम सरकार बनाने के लिए तैयार हैं, दावा पेश करने जैसा ही है। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा स्पीकर ने एक-एक कर और समूह में, दोनों तरीके से 44 विधायकों से मुलाकात की। किसी ने भी नई सरकार के गठन का विरोध नहीं किया। बीजेपी विधायक ने कहा कि सरकार के अभाव में लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। राजनीति के जानकार इस कवायद के पीछे मणिपुर का सेंटीमेंट टेस्ट करने की रणनीति को वजह बता रहे हैं। मणिपुर में हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं। हो सकता है कि बीजेपी की सोच सरकार गठन को लेकर किसी पहल से पहले जनता के मिजाज को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हो लेने की हो।

मणिपुर में विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं। ऐसे में बीजेपी अगर फिर से सरकार बनाती है, तो पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ही सीएम बनेंगे या कोई और? चर्चा इसे लेकर भी हो रही है। मणिपुर के अगले सीएम के लिए एक विकल्प गैर मैतेई, गैर कूकी सीएम का भी है। लेकिन ऐसा होगा, इसके आसार ना के बराबर ही हैं। हिंसा की शुरुआत से ही कूकी संगठन सरकार पर एक वर्ग के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते आए हैं। अलग-अलग संगठन भी मणिपुर में शांति के लिए बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग करते रहे हैं। बीरेन सिंह तमाम विरोध और खराब हालात के बावजूद सीएम पद पर बने रहे, तो इसके पीछे मैतेई वोटबैंक की ताकत को ही वजह बताया जाता है।

60 सदस्यों वाली मणिपुर विधानसभा की वर्तमान स्ट्रेंथ 59 विधायकों की है। एक विधायक के निधन के कारण एक सीट खाली है। बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन के 44 विधायक हैं। जातीय हिंसा का दंश झेल रहे मणिपुर में जाति-वर्ग के नजरिये से देखें तो बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन के कुल विधायकों में 32 मैतेई, तीन मणिपुरी मुस्लिम और नौ नगा विधायक हैं। इस गठबंधन से सात कूकी भी विधानसभा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे, जिन्होंने जातीय हिंसा के बाद अपने दल से किनारा कर लिया था। कांग्रेस के सभी पांच विधायक मैतेई वर्ग से हैं। बाकी तीन विधायक कूकी हैं। इस तरह देखें तो मणिपुर विधानसभा में 37 मैतेई विधायक हैं। यह नंबर बहुमत के लिए जरूरी 31 के जादुई आंकड़े से छह ज्यादा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**